राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in

धनबाद, सोमवार 15 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~3~~ ● वर्ष : 2, अंक : 97

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### पाथरडीह में शांति समिति की बैठक

**झरिया ।** मोहर्रम पर्व को ले कर पाथरडीह थाना परिसर में रविवार की शाम शांति समिति की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पीसी पाठक ने की.बैठक में मोहर्रम के अखाड़ा दल तथा जन प्रतिनिधि शामिल रहे. सर्वसम्मति से वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार शांति पूर्वक पर्व मनाने की अपील की गई. थाना प्रभारी पाठक ने कहा की पुलिस की पैनी नजर अखाड़ा दल पर होगी.किसी तरह के अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. बैठक में मौके पर पाथरडीह थाना के एसआई दिलीप कुमार तिवारी, अवध बिहारी पांडे,सीप्रियानुस तिर्की के अलावा शांति समिति के सदस्यों में मो. मुबारक, मो. नूर आलम,प्रेम निषाद, नीरज तिवारी,अली हैदर,सुधीर सिंह आदि उपस्थित थे.

### प्रमोद दुबे बने आर्य परिषद् ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष

**तोपचांची।** रविवार को तोपचांची प्रखंड के सीधाबाद गांव में स्थित आर्य परिषद् ब्राह्मण समाज के कार्यालय में समाज के पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया. आर्ष परिषद् ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद में प्रमोद दुबे को सर्वसम्मति से चयन किया गया. इसके पूर्व समाज के अरुण तिवारी अध्यक्ष थे. समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. समाज के विकास के लिए एकजुटता बनाए रखने की बात कही.

### प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का समापन

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड़ मंगराहाट के समीप बजरंगबली मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का समापन रविवार को हो गया. समापन के दिन सुबह से ही यज्ञ मंडप में भक्तों का भीड़ उमड़ने लगी. भक्तों ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर बजरंग बली की प्रतिमा का दर्शन किया. यज्ञ में यजमान गोपाल पाण्डेय सपत्नीक बने थे. हवन कुंड में घी और धूप की आहूति देने से आसपास का वातावरण सुगंधित हो गया. यज्ञशाला में खीर बना कर भोग लगाया गया. यज्ञ समापन के बाद पंडितों व द्ररिदनारायण को फलाहार कराकर दक्षिणा व वस्त्र दिया गया. अन्त में महाप्रसाद का वितरण भक्तो में किया गया.

### बीएमएस का अधिवेशन संपन्न

**धनबाद।** बीएमएस का एक दिवसीय अधिवेशन रविवार को जुबली हॉल कोयलानगर में संपन्न हुआ. अधिवेशन को बतौर ममुख्य मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संगठन मंत्री ब्रजेश ने कहा कि बीएमएस अपने स्थापना के 70 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है. इसलिए इस वर्ष मजदूरों के हित में विशेष कार्य किया जाएगा. मजदूरों की सुरक्षा, वेतन और बोनस की मांग की जाएगी. प्रदेश मंत्री संजय चक्रवर्ती ने वेज कोड और सामाजिक सुरक्षा के एजेंडे को रखा. मौके पर बलदेव महतो, माधव सिंह, प्रभात रंजन, मुरारी तांती, सुशील कुमार सिंह समेत बीएमएस के कार्यकर्ता मौजूद थे.

---

**कार्रवाई : एसटीएफ ने गुप्त सूचना पर मालदा के फिरोज शेख को दुर्गापुर में दबोचा**

## बांग्लादेश से नकली नोट लाकर फैला रहा बंगाल का गिरोह

- पांच लाख के नकली नोट बरामद, सभी नोट पांच-पांच सौ के
- पूछताछ में फिरोज ने उगले कई राज, किंगपिन तक पहुंचने में जुटी पुलिस

संवाददाता। दुर्गापुर





दुर्गापुर में नकली नोट की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया है. गिरफ्तार व्यक्ति का नाम फिरोज आलम शेख है. फिरोज मालदा जिले का रहने वाला है. पुलिस को सुराग मिले हैं कि बांग्लादेश से नोट लाकर बंगाल के कई इलाकों में सप्लाई किया जाता था. अफरोज को रविवार की दोपहर करीब एक बजे अदालत में पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया. अब पुलिस नकली नोट के कारोबार में किंगपिन समेत पूरे गिरोह को बेनकाब करने में जुट गई है.

कांकसा पुलिस सूत्रों के अनुसार, आज सुबह कांकसा के बिरुडीहा के पास एक व्यक्ति बैग लेकर खड़ा था. राज्य पुलिस की एसटीएफ की टीम को गुप्त सूचना मिली कि वह व्यक्ति यहां नकली नोटों की डील करने पहुंचा है. त्वारित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पड़कने के बाद उसके बैग की तलाशी ली गई. तो पाया कि बैग में 500 रुपए की कई गड्डियों थीं, जो करीब 5 लाख रुपए के आसपास थे. उसे गिरफ्तार कर कांकसा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया. पूछताछ में उसने बताया कि कि वह मालदा का रहने वाला है और उसका नाम फिरोज है. अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नकली नोट के धंधे में कोई और भी शामिल है नहीं. पूछताछ में पुलिस को सुराग मिला है कि यह नोट बांग्लादेश से लाए गए थे. फिरोज इन नोटों को बंगाल के कई हिस्सों में फैला रहा था. अब पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में तफ्तीश कर रही है . पुलिस को संदेह है कि गिरोह में कई अन्य लोग शामिल हो सकते हैं. इस गिरोह के सहारे नकली नोटों के कारोबार करने वाले मुख्य सरगना तक पहुंचा जा सकता है. बताते चलें कि बांग्लादेश से नकली नोट लाकर देश भर के कोने-कोन में फैलाने के कई मामलों का पुलिस भंडाफोड़ पूर्व में कर चुकी है.

### अपर्णा ने की रेट वृद्धि पर रोक लगाने की मांग

**मैथन।** निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने डीवीसी के चैयरमेन एम सुरेश कुमार से डीवीसी पेंशनरों के आवासों के किये गए पैनल रेट में वृद्धि को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है. इस बाबत विधायक ने डीवीसी को पत्र लिखा है. पत्र में विधायक ने कहा है कि गत 03 अक्टूबर 2023 की बैठक में आपके द्वारा बढ़ाए गये पेंशनरों के आवासों के पैनल रेट पर पुर्नविचार करने का आश्वासन दिया गया था. इसके बावजूद पेंशनरों के आवासों के पैनल रेट बढ़ाना अनुचित है. विधायक ने कहा है कि पेंशनरों के समक्ष उत्पन्न समस्या के निदान के लिए 20 जुलाई से पहले आपके साथ वार्ता करना जरूरी है. 20 जुलाई के पहले वार्ता निर्धारित करें और तब तक पैनल रेट वृद्धि आदेश को स्थगित रखें.

---

# जमीन विवाद को लेकर हत्या आक्रोशित लोगों ने काटा बवाल

**बारामुड़ी में जमीन विवाद को लेकर मोतीलाल यादव के साथ हुई थी मारपीट**

**खास बातें**

- सिर पर लगी चोट के कारण हो गई मौत
- पुलिस ने तत्काल कार्रवाई का दिया भरोसा

संवाददाता। धनबाद /वासेपुर





पोस्टमार्टम के बाद शव को सड़क पर रखकर लगा दिया जाम

धनबाद थाना क्षेत्र के विनोदबिहारी चौक पर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया. बारामुड़ी निवासी मोती यादव का शव था. जिसके साथ कुछ लोगों ने शनिवार को जमीन विवाद में मारपीट की थी. मारपीट में मोती यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम के बाद मोती के शव को लेकर उसके परिजन विनोदबिहारी चौक पहुंचे और बीच सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया. आक्रोशित लोगों ने टायर आदि जलाकर सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया. लोगों के आक्रोश को देखते हुए आसपास की दुकानें और कई मॉल बंद हो गए. कई घंटे तक जाम लगा रहा. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया, इसके बाद मोती यादव के परिजन धनबाद थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई.

बताया जा रहा है कि मोतीलाल यादव ने करीब तीन महीने पहले ही जमीन खरीदी थी. गुरुवार को वे अपनी जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण करा रहे थे. उनके साथ उनका सुभाष यादव पुत्र भी था. आरोप है कि विशुनपुर बस्ती के रहने वाले शिबू, शंकर, अभिषेक व प्रफुल्ल पहुंचे और उनके साथ मारपीट की. सभी लाठी और डंडा से लैस थे. जमीन पर पहुंचते ही युवकों ने वार करना शुरू कर दिया. इस घटना में पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये थे.उन्हें सिर पर गंभीर चोट लगी थी. उनके सिर में लोहे के रॉड से वार किया गया है. इससे उनके सिर की हड्डी टूट गयी. सर के कई महत्वपूर्ण नसों को नुकसान पहुंचा था. मोतीलाल यादव को अस्पताल के सेंट्रल इमरजेंसी की एसआइसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया था. लेकिन उसकी मौत हो गई.

**आरोपियों के खिलाफ मुकदमा की मांग**

जाम करने वाले लोगों ने सड़क पर ही टायर आदि भी जला दिया था. करीब ढाई घंटे तक इस इलाके से वाहनों का आवागमन बंद हो गया. आक्रोशित लोगों को देखकर आसपास की दुकानें भी बंद हो गई. इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई क्योंकि यह चौक कई रास्तों को जोड़ता है. इस कारण जमा भी लंबा लग गया. इधर पुलिस ने 48 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ़तार करने की बात कही. साथ ही मुआवजा को लेकर एसडीएम से पहल करने की बात कही गई. इसके बाद जाम हटा दिया गया.

उनके पुत्र सुभाष का सिर फट गया है. उनके सिर 18 टांके लगे हैं. मोती लाल की मौत के बाद उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. शव लेकर परिजन विनोद बिहारी चौक पहुंचे और जाम लगा दिया.

## कोयलांचल में लहराया परचम-ए-हुसैन



संवाददाता। धनबाद

मुहर्रम की सातवीं तारीख रविवार को कोयलांचल के इमामबाड़ों में परचम-ए-हुसैन लहराया गया. ढोल-ताशे के साथ या हुसैन, या अली के नारे लगाए गए. बताते चलें कि करबला की जंग में इमाम हुसैन और उनके काफिले के 72 लोगों ने शहादत देकर पूरी दुनिया में इस्लाम का बोलबाला कर दिया था. करबला की वारदात के बाद से ही पूरी दुनिया में मुर्हरम के महीने में उनकी शहादत मनाई जाती है. हर जगह अलग-अलग रिवाज है. कोयलांचल में लोग इमामबाड़ों में निशान लगाते हैं. सातवीं से दसवीं तक इबादत करते हैं. अखाड़े निकालकर शस्त्र कला का प्रदर्शन करते हैं. धनबाद वासेपुर के विभिन्न इलाकों में निशान लगाए गए. इसके अलावा झरिया, डिगवाडीह, जामाडोबा, कतरास, गोविंदपुर, निरसा, तोपचांची समेत अन्य इलाकों में भी निशान लगाने की रस्म अदा की गई. मुहर्रम की नवमी और दसवीं को जुलूस निकाला जाएगा और अखाड़ों में खेल प्रदर्शन किए जाएंगे. इस दौरान चार दिनों तक इमामबाड़ों में फातिहा और कुरआनख्वानी का भी दौर जारी रहेगा. सातवीं को बच्चे-युवा इमाम हुसैन का पैक भी बनते हैं. सैकड़ों ने पैक बनकर इस रस्म को अदा किया.

## प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रथ को कराया नगर भ्रमण

- सांसद सीपी चौधरी हुए शामिल

संवाददाता। महुदा

महुदा मोड़ स्थित शिव शक्ति धाम में आयोजित तीन दिवसीय श्रीश्री 108 दयाल राधा-कृष्ण मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन गाजे-बाजे के साथ रथ को नगर भ्रमण कराया गया. रथ पर दयाल राधा-कृष्ण की प्रतिमा को रखा गया था. इससे पूर्व यजमान धनेश्वर महतो और शिवा महतो ने सपत्नीक प्रतिमा को गंगाजल व दूध से स्नान कराया. पुजारियों की पूजा-अर्चना के बाद रथ नगर भ्रम पर निकला. रास्ते में श्रद्धालु भक्ति संगीत के धुन पर नृत्य कर रहे थे. पूरे रास्ते भगवान के जयकारे लगे. गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो भी मंदिर परिसर पहुंचकर नगर भ्रमण में शामिल हुए. रथ को मंदिर प्रांगण से लेकर कांड्रा तक भ्रमण कराया गया. रथ वापस मंदिर वापस लौटा. सायंकाल आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. सोमवार को प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया जायेगा. संध्या में भण्डारा का आयोजन किया जायेगा. प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने में पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, पंसस सुभाष महतो, शिवा महतो, घुरन हाड़ी, सुधीर महतो, हेमन्त दुबे, मटुक मिश्रा, सचिचंद्र मिश्रा, भूलन मिश्रा, राजाराम महतो, सोमर महतो, श्यामलाल महतो समेत अन्य श्रद्धालु जुटे हुए हैं.

### रसीद काटने में पूर्व मुखिया की पिटाई

**कतरास।** रविवार को कतरास हटिया में मामूली विवाद में हटिया के संवेदक रघुनाथपुर के पूर्व मुखिया गणेश महतो उर्फ विरू महतो को कतिपय लोगों ने जमकर पीट दिया. मारपीट की घटना में पूर्व मुखिया के सर पर गहरी चोट आई है. पूर्व मुखिया वीरू महतो ने बताया कि वे पाठा हटिया के संवेदक हैं. सुबह-सुबह वे अपने काम से आये थे. हटिया में कहीं पर गाड़ी खड़ा था जो कुछ देर बाद हटाया गया1 इसी को लेकर हीरालाल महतो उनके पास आये और बोले कि हटिया का मालिक हो और गाड़ी रोड पर लगवा देते हो. इसके बाद वे लोग गाली- गलौज करने लगे. वे लोग 4-5 की संख्या में थे. गाली गलौज करते करते हटिया में रशीद काट रहे स्टाफ के साथ भी उलझे और कहा यहां रशीद काटने नहीं देंगे.

## 11 हजार पेड़ लगाएगा राष्ट्रीय सूड़ी समाज

संवाददाता। धनबाद



कोलाकुसमा के मंडल मार्केट में रविवार को राष्ट्रीय सूड़ी समाज महिला मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल, जिला उपाध्यक्ष महुआ मंडल और जिला महामंत्री कल्पना मंडल ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया. जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल ने कहा कि महिलाओं के मजबूती और सशक्तिकरण के लिए कार्यालय खोला गया है. धनबाद जिला में 11000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया, इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल, प्रदेश विधि प्रमुख सागर मंडल, प्रदेश मंत्री विकास मंडल उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सूड़ी समाज के राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल ने कहा कि झारखंड प्रदेश में सूड़ी जाती को अनुसूचित जाति घोषित न किये जाने से हमारा हक मारा जा रहा है और अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न मिलने से सरकारी नौकरियों में छूट से वंचित हो जा रहे है. मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु मंडल, जिला महामंत्री नाविक मंडल, जिला उपाध्यक्ष माथुर मंडल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, जिला प्रवक्ता अजय मंडल, राजा मंडल, जिला कोषाध्यक्ष विकास मंडल, जिला मंत्री रूप मंडल, नगर अध्यक्ष कल्पना मंडल, मोनिका मंडल, बूलू मंडल, जिला कार्य समिति सदस्य सुबल मंडल, विमल मंडल, शुभंकर मंडल अशोक मंडल, सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए।

---

**दहशत मशालचियों को चकमा देकर 30 हाथी का झुंड पहुंच गया टुंडी बस्तीकुल्ही**

# अब टुंडी में हाथियों के झुंड ने मचाया गदर

संवाददाता। टुंडी



1. घरों में तोड़फोड़ के बाद सारा राशन कर गए चट
2. वनविभाग की टीम ने मशक्कत के बाद गिरिडीह की तरफ भेजा
3. एक महीने से डेरा डाले हुए है दो दर्जन हाथियों का झुंड

पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के बस्तीकुल्ही गांव में 30 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया व आठ आदिवासियों के घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे सारे अनाज चट कर दिया. वन विभाग को हाथियों को भगाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी. टुंडी पहाड़ में पिछले एक माह से हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं. इस झुंड में 30 की संख्या में जंगली हाथी हैं. हाथियों का झुंड शनिवार लगभग एक बजे रात को चिंघाड़ते हुए गुआकोला टुंडी पहाड़ से पश्चिमी दिशा के रास्ते आगे बढ़ने लगा. इस दौरान हाथियों का झुंड गंगापुर व बस्तीकुल्ही गांव में झुंड दो गुटों में बंट गया. वन विभाग का टीम पीछे-पीछे चल रही थी.रात में अंधेरे के कारण मशालची और टीम के अन्य सदस्य गंगापुर में उलझकर रह गये जबकि हाथियों का एक झुंड मशालचियों को चकमा देकर तेज चाल से बस्तीकुल्ही गांव के कोल टोला में घुस गया. गांव में हाथियों के झुंड देखते ही दहशत फैल गई. ग्रामीण जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे. इस दौरान जंगली हाथियों का एक दल गांव के पानो देवी, बेलमुनी देवी, पिंटू कोल, सारथी देवी, विरेन्द्र कोल, दुर्गा कोल, कमल कोल, कल्याणी देवी आदि का घर क्षतिग्रस्त कर दिया. घर में रखे सारे अनाज खा गए. वन विभाग के प्रभारी फोरेस्टर फैजान अहमद, आरक्षी मोहन नायक, जसीम अंसारी भी मशालचियों के साथ पहुंचे व जंगली हाथियों को तोपचांची रैंज से बाहर कर गिरिडीह जिले के पीरटांड़ सीमा में भगा दिया. जंगली हाथियों के झुंड टुंडी सीमा से बाहर जाने से पहाड़ी तराई क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है. वन विभाग के अनुसार जाने के क्रम में जंगली हाथियों के झुंड ने रास्ते में मिले सभी कटहल को खा गए. तोपचांची रैंज के वन विभाग की टीम शाम को पहुंची तथा पीड़ित परिवारों को चावल, दाल, तेल, आलू, नमक आदि सामग्री मुहैया कराई. इधर हाथियों के झुंड द्वारा नुकसान किए जाने पर झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को जानकारी देते हुए अविलंब पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की. उन्होंने डीएफओ से कहा कि पहले भी ऐसी घटना के पीड़ित परिवारों को मुआवजा नहीं मिला है, उसे भी जल्द मुहैया कराई जाय.

### लोजपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर

**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (युवा प्रकोष्ठ) राज्य कार्यकारिणी सह कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर बुद्धा प्लेस नियर लेमन चिली सुगियाडीह में संपन्न हुआ. शैलेंद्र द्विवेदी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, अरविंद कुमार सिंह प्रभारी झारखंड, आशा राय महिला प्रदेश अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी द्वारा झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए. सभी जिला अध्यक्षों को आगामी विधानसभा चुनाव का दिशा निर्देश दिया गया कि जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय पंचायत स्तरीय आने वाले चुनाव के दौरान चिराग पासवान के हाथों को मजबूती प्रदान करना है. इस कार्यकर्म में उपस्थित साथी जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रबिंद्र प्रसाद, मुज्जफर, रंजन कुमार, चंचल सैंकड़ों पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे.

## हर बूथ पर दो कमिटी बनाएं: मंटू चौहान

- विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा झामुमो

संवाददाता। धनबाद

झामुमो धनबाद महानगर समिति के नेतृत्व में धनबाद परिषदन में बैठक की गई. जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रणनीति बनाई गई. मुख्य रूप से धनबाद महानगर अंतर्गत सभी नगर कमिटी एवं वर्ग संगठन कमिटी को निर्देश दिया गया कि जहां भी वार्ड कमिटी एवं बूथ कमिटी का गठन नहीं हुआ, उसे 31 जुलाई तक गठन कर महानगर समिति को सौंपने का काम करें. महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान ने सभी महानगर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि दो-दो बूथ कमिटी बना कर 7 दिनों के अंदर महानगर समिति को जमा करें. सभी पदाधिकारी अपने अपने वार्डों में बैनर पोस्टर के साथ कैंप लगाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए लाभुकों को लाभ दिलाने का काम करें. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया आगामी अगस्त माह में महानगर समिति के नेतृत्व में टाउन हॉल में बड़े पैमाने पर एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार चौहान, सचिव अबु तारीक, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, उपाध्यक्ष नईम अंसारी, उपाध्यक्ष रामु मंडल, प्रवक्ता आकाश रवानी, संयुक्त सचिव सुदीप दत्ता, राजेश तुरी, टिंकू सरकार, शिव कुमार यादव, ओम प्रजापति, सूरज चौहान, सद्दाम हुसैन, कमाल हुसैन खान संग अन्य उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### बिरसा फोर्स की कमेटियों का विस्तार

**तोपचांची।** बिरसा फोर्स के विभिन्न कमेटियों के विस्तार को लेकर तोपचांची झील के लीची बगान में रविवार को बैठक हुई. बैठक में बिरसा फोर्स के संस्थापक अजमुल अंसारी मौजूद थे. कहा कि बिरसा फोर्स क्षेत्र में हो रही जनसमस्याओं को उठाने वाली संस्था है. बैठक में इसकी विभिन्न कमेटियों का विस्तार किया गया. झामुमो से अपने निष्कासन को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है. मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं. बिरसा फोर्स के बैनर तले ही झामुमो का दामन थामा था. मुझे कमजोर करने के लिए कोई षड्यंत्र रच रहा है. उन्होंने कहा कि पार्टी के जिलाध्यक्ष को शोकॉज करने का अधिकार है. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन चाहेंगे तो पार्टी से निकल जाउंगा. पार्टी कार्यकर्ता चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश कर सकते हैं.

### विश्वकर्मा समाज की नई शाखा गठित

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के श्रीरामपुर पंचायत में विश्वकर्मा लोहार समिति की नई शाखा का गठन रविवार को भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया. समाज के जिला सचिव विजय शर्मा ने समाज को एकजुट होने और तत्परता दिखाने की अपील की. मौके पर संतोष विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, सुरजीत प्रसाद, गोवर्धन विश्वकर्मा, काशीनाथ विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, शिवेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, कमला देवी, उषा देवी, चंदा देवी, लकी देवी सहित विश्वकर्मा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे.

### मुहर्रम के सातवें दिन लोग बने पैकर

**महुदा।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाला मुहर्रम के सातवें दिन रविवार को महुदा बस्ती, कुंजी और आसपास के गांवों में हज़ारों लोग पैकर बने. इसमें हर उम्र के लोगों ने शिरकत की. इस दौरान इमामबाड़ा पर लोगों की लंबी भीड़ लगी. लोगों से फातिहाखानी कराया गया. पैकर विभिन्न इमामबाड़ों का भ्रमण कर महुदा बस्ती स्थित कर्बला गए. कई लोगों ने इमामबाड़ों पर चादरपोशी की. अलग तरह वस्त्रों में नौजवान हाथ में मौर पंख लिए या हुसैन के नारे बुलंद कर रहे थे. महुदा बस्ती के इमामबाड़ा पर महिलाओं की भीड़ भी रही.

### प्रसव के बाद प्रसूता की मौत, किया घेराव

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत गोड़तोपा गांव निवासी मुश्ताक अंसारी की पत्नी सोनी खातून (28) की मौत प्रसव के बाद शुक्रवार की देर रात हो गई. प्रसव कराने के लिए उसे गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित लक्ष्मी क्लिनिक में भर्ती किया गया था. प्रसव के बाद रक्तस्राव बंद नहीं होने पर उसे अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. उसकी मौत से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने जिप सदस्य सोहराब अंसारी के नेतृत्व में लक्ष्मी क्लिनिक का घेराव किया, जो शुक्रवार आधी रात बाद से शनिवार सुबह तक जारी रहा. इसके बाद क्लिनिक प्रबंधन से मृतक परिवार को आठ लाख रुपये मुआवजा देने पर समझौता हुआ. इसके बाद ग्रामीणों ने घेराव खत्म कर दिया. मृतका पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी की पुत्री थी उसकी शादी गांव में ही हुई थी. उसे पहले से दो बेटी है. शुक्रवार को तीसरी पुत्री को जन्म के बाद मां की मौत हो गई.

**जाम से निजात : वासेपुर नाला के ऊपर बन सकता है फ्लाइओवर**

# नाला बन सकता है धनबाद की लाइफ लाइन

- कई बार योजना को अमलीजामा पहनाने की हो चुकी है कवायद
- फ्लाइओवर बना तो बैंकमोड़ ओवरब्रिज पर दबाव होगा कम

आफताब आलम । धनबाद

धनबाद जाम से कराह रहा है. बैंकमोड़ ओवरब्रिज की उम्र लगातार बढ़ाई जा रही है. हर साल-दो साल में इसकी मरम्मती होनी तय है. क्योंकि धनबाद शहर को बोकारो व झरिया-सिंदरी समेत कई महत्वपूर्ण इलाकों से जोड़ने का एकमात्र खस्ताहाल साधन यही है. इसी पुल से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है. ऐसे में बैंकमोड़ के इस पुल को बिना पार किए शहर में प्रवेश के विकल्प तलाशे जा रहे हैं. इसी तलाश की कड़ी में एक नाला भी है, जो शहर की लाइफ लाइन बन सकता है. जी हां, पूर्व में कई बार इस नाले पर फ्लाइओवर बनाने की योजना तैयार हुई लेकिन कतिपय कारणों से योजना को अभी तक धरातल पर नहीं उतारा जा सका.








**गजलीटांड हादसे के वक्त दिखा था नाले का रौद्ररूप**

मुस्कान कांपलेक्स के पास से जो नाला बहता है, जो वासेपुर होता हुआ, मटकुरिया श्मशान के पास निकलता है और फिर वहां से घुरनी जोड़िया होते हुए आगे निकल जाता है. यह नाला वर्ष 1995 में धनबाद के चर्चित गजलीटांड हादसा का भी गवाह है. क्योंकि उसी रात इस नाले का भी भयावह रूप यहां के लोगों ने देखा था. यह नाला भूली मोड़ और वासेपुर को जोड़ता है. उस रात यहां पूरा पुल बह गया था, दर्जनों आवास के साथ-साथ सड़क उखड़ गई थी. दर्जनों जानवरों की भी मौत हुई थी. इसी नाले के उपर ओवरब्रिज बनाने की योजना तैयार हुई. पूरे नाले की लंबाई मापी गई. बात भूमि अधिग्रहण तक भी पहुंची थी, लेकिन अंत यही है कि अब तक योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका.

**बोकारो-रांची के वाहनों का बैंकमोड़ नहीं होगा प्रवेश**

योजना के तहत मटकुरिया से लेकर मुस्कान कांपलेक्स या फिर पूजा टाकिज तक फ्लाइ ओवर ब्रिज बनाया जाए, ताकि बोकारो और रांची से आने वाले वाहनों का प्रवेश बैंकमोड़ न होकर सीधे पूजा टाकिज हो जाए. ऐसे में बैंकमोड़ ओवरब्रिज पर न सिर्फ वाहनों का दबाव कम होगा, साथ ही इसकी उम्र भी लंबी रहेगी. ये फलाइओवर शहर को जाम से भी काफी हद तक मुक्त कर सकता है.

### समाजसेवी बालेश्वर गोस्वामी का निधन



**गोविंदपुर।** आसनबनी पंचायत के खिलकनाली गांव निवासी समाजसेवी सह श्रीराम जानकी रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंसी बालेश्वर गोस्वामी (64) का निधन शनिवार को हो गया. वे गोस्वामी समाज के भी सक्रिय सदस्य थे. अपने पीछे वह भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनका पुत्र राजू गोस्वामी वार्ड सदस्य है. वे सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे. उनके निधन की खबर सुनकर मुखिया गयासुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, गोस्वामी समाज के अध्यक्ष बैजनाथ गोस्वामी, दुर्गादास गोस्वामी, निरंजन गिरि समेत बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की. बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी अंतिम क्रिया में भाग लिया.

### आदर्श सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**मैथन।** मैथन आदर्श सेवा समिति (मास) ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया. समिति के सचिव शंकर गांगुली ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैथन क्षेत्र के रांची कॉलोनी, मिनी मार्केट, नेताजी नगर, डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय, गोगना छठघाट समेत अन्य स्थानों पर आम, पीपल, बेल, मेहगनी के पौधे समेत अन्य पौधे लगाए गए. पौधरोपण कार्यक्रम में मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, सीडब्ल्यूसी के निदेशक शशि राकेश, डीवीसी के पूर्व महाप्रबंधक रूद्र प्रताप सिंह, समिति के अध्यक्ष झामुमो नेता अशोक मंडल, डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य आईबी झा, समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन पाठक विकल, गोराचंद मंडल, अभिषेक राय, सम्पा राय, अंजना मुखर्जी, संगीता गांगुली, रेवा सेनगुप्ता, प्रमोद देवी, कोमल कुमारी, अंजली लाल, आईबी चौधरी, सुदामा शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### अल-इकरा टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता

**गोविंदपुर।** अल-इकरा टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रशिक्षुओं के बीच रविवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतिभागियों को महात्मा गांधी हाउस एवं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस में बांटा गया था. जिसमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस विजयी रहा. प्रतियोगिता का संचालन प्रो. अब्दुल्लाह एवं प्रो. ममता कुमारी सिन्हा ने किया. प्रभारी प्राचार्य प्रो. अशरफ अली ने विजेता टीम की घोषणा की. क्विज प्रतियोगिता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. शमीम अहमद ने कहा कि इससे बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ती है एवं स्वस्थ प्रतियोगिता भावना का विकास होता है.

# एसआईटी करे मामले की जांच : सरयू

## चिटाही मारपीट प्रकरण में जख्मी से मिलने अस्पताल पहुंचे थे विधायक राय

- कहा – मुकदमा लड़ने के लिए जरूरत पड़ी तो क्राउड फंडिंग तक जाएंगे
- चिटाही भी गए, पीड़ितों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का दिया भरोसा

संवाददाता। धनबाद

सांसद ढुल्लू महतो के समर्थकों द्वारा चिटाही के ग्रामीणों के साथ मारपीट के प्रकरण में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार को धनबाद पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एसआईटी गठन कर पूरे मामले की जांच की मांग की है. धनबाद जिला प्रशासन पर अविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर एसआईटी गठन की मांग करेंगे. उन्होंने कहा कि केवल एक्स पर प्रतिक्रिया देकर एफआईआर करवा देना ही काफी नहीं है. मुख्यमंत्री को यह भी बताना होगा कि एसआईटी कितने दिनों में अपनी जांच रिपोर्ट देगी. इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे. मालूम हो कि चार दिनों पहले ढुल्लू समर्थकों ने डोमन महतो और उनकी पत्नी नीरा देवी के साथ मारपीट की थी. उनके खेत में बुलडोजर चला दिया था. मुख्यमंत्री ने इस मामले में संज्ञान लेकर डीसी और डीजीपी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया था, इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई.

धनबाद परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में सरयू राय ने कहा कि सांसद ढुलू महतो के समर्थकों द्वारा जिस प्रकार डोमन महतो के परिवार के साथ मारपीट की है. यह घटना रोंगटे खड़े करने वाली है. उन्होंने सांसद पर हमला बोलते कहा कि घटना में शामिल सभी आरोपी सांसद के घर में ही छुपे है. पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में बरोरा थाना प्रभारी की भूमिका शर्मनाक है. घायल महिला तड़पती रही और प्रभारी मोबाइल देखते रहा. उसने अस्पताल ले जाना भी जरूरी नहीं समझा. अन्य लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया. कहा कि पीड़ित परिवार को हर कानूनी सहायता मुहैया कराएंगे. जरूरत पड़ी तो मुकदमा लड़ने के लिए क्राउड फंडिंग कराएंगे.



**कांड के सभी गवाहों को सुरक्षा दे प्रशासन**

सरयू राय ने कहा कि गवाहों को सुरक्षा देने प्रशासन की जिम्मेदारी है. यहां के वरिष्ठ अधिवक्ता से सलाह लिया है. उनके आधार पर न्यायालय में यह पिटीशन दायर किया जाएगा कि गवाही देने के कारण उनके साथ मारपीट की गई है. इसके साथ ही न्यायालय से यह भी मांग होगी कि जिस मामले में गवाही दिए थे, उसमें शामिल सभी गवाहों को प्रशासन से सुरक्षा दिलवाए. मामले में अबतक प्रशासन का रवैया काफी लचर रहा है. जिस प्रकार लहलहाती खेत को रौन्ध दिया गया है और दुकान तोड़ दी गई. यह मामला मानवाधिकार से जुड़ा है.

**धार्मिक न्यास बोर्ड से मंदिर की जांच की मांग**

सरयू राय ने कहा कि जिस प्रकार सांसद कहते हैं कि उनके खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है. इसपर मंदिर निर्माण की भी जांच होनी चाहिए. राय ने धार्मिक न्यास बोर्ड से मंदिर के जांच की मांग की है. बोर्ड मंदिर के जमीन के साथ ही इसके निर्माण में आये खर्च का हिसाब करें, साथ ही इसके ट्रस्ट में शामिल हो. मंदिर के जमीन में कितनी जबर्दस्ती कब्जा की गई है, इसी जांच में साफ हो जाएगा. अत्याचारी या पीड़ित में भाजपा किसके साथ : सरयू राय ने भाजपा के नेताओं से सवाल करते हुए कहा है कि वह अपना पक्ष साफ करें कि वह अत्याचारी के साथ है या पीड़ित के साथ है. भाजपा नेताओं को यह बताना होगा कि क्या उनके सांसद जो कर रहे हैं वह सही है या गलत. चुनाव का समय है, इसलिए भाजपा यह बताए कि क्या सांसद पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए सिद्धांत पर चल रहे हैं. झारखंड के प्रभारियों को यह स्पष्ट करना होगा. भाजपा नेताओं के मुंह मे उँगली डाल कर उनसे पूछुंगा कि क्या सही है. जो तटस्थ है, समय लिखेगा उनका भी अपराध, यह दोहा कहते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में तटस्थ नहीं रहने दिया जाएगा.

**दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी प्राथमिकी दर्ज**

- बाघमारा डीएसपी पहुंचे डोमन महतो के आवास

**बरोरा।** चिटाही रामराज मंदिर के समीप गुरुवार को जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के पूजा देवी पति नगीना भुईयां मंडल केंदुआडीह निवासी के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. शिकायत में डोमन महतो, सुरेश महतो व अन्य पर जातिसूचक शब्द बोलकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है. शिकायत के आलोक में डोमन महतो, सोहन महतो, नीरा देवी, रजनी देवी, कली कुमारी, उषा देवी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. इधर रविवार के दिन बाघमारा के डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने बरोरा थाना पहुंचकर मामले को बरोरा थानेदार को दिशा-निर्देश देने के साथ ही देर शाम को डोमन महतो के घर गये लेकिन घर पर कोई नहीं मिला.

**आरोपियों को प्रश्रय दे रही पुलिस : कन्हाई**

**धनबाद ।** बाघमारा विधानसभा निवासी समाजसेवी कन्हाई चौहान रविवार को एसएनएमएमसीएच में भर्ती नीरा देवी से मिलकर उनका हाल जाना. कन्हाई ने नीरा को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है. उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुए एफआईआर के बावजूद पुलिस आरोपियों को प्रश्रय दे रही है. आरोपी सांसद ढुलू महतो के साथ घूम रहे हैं. वहीं पीड़ित परिवार के घर पर ही पुलिस दबिश दे रही है. यहां तक कि डीसी-एसएसपी के साथ बैठक में सांसद के साथ शामिल हो रहे हैं. इस तरह पुलिस की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है. कन्हाई ने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है. साथ ही न्यायालय में चल रहे केस में गवाहों को सुरक्षा देने की मांग की है.

**30 सीटों पर जदयू के साथ मिलकर लड़ सकते हैं चुनाव**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सुप्रीमो सरयू राय ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. रविवार को धनबाद में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड के 30 सीटों पर जदयू के साथ मिलकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के चुनाव लड़ने की प्रबल संभावना है. उन्होंने कहा कि यह पहले दौर की बैठक थी. सभी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है. झारखंड में जदयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के साथ ही जदयू में विलय की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है. भाजपा और गठबंधन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर दोनों एक दूसरे की पीठ सहलाते नजर आते हैं.

## प्रदूषण पर रोक लगाए प्रबंधन नहीं तो होगा आंदोलन:मुखिया

संवाददाता। तेतुलमारी

तेतुलमारी के स्थानीय लोगों को प्रदूषण से हो रही परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को नगरीकला पंचायत सचिवालय के पास पत्रकार वार्ता का आयोजन कर आउटसोर्सिंग प्रबंधन को आन्दोलन की चेतावनी दी. नगरी कला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर ने कहा कि तेतुलमारी में संचालित चेन्नई राधा एवं बांसजोडा में संचालित डेको कंपनी द्वारा जले हुए ओबी के धूल कण उड़ उड़ कर क्षेत्र के सभी लोगों के घर में प्रवेश करता है, जिससे यहां के लोग परेशान हैं. इसकी शिकायत बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के महाप्रबंधक से की गई मगर प्रबंधक द्वारा हमारी शिकायत पर किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया. महाप्रबंधक द्वारा उल्टा झूठा ठहरा दिया गया. अगर क्षेत्र के लोगों को



प्रदूषण से निजात नहीं मिलता है तो हम सब आन्दोलन करने को बाध्य होंगे. लोगों का कहना था कि धूलकण उड़कर लोगों के घरों व आंगनों में परत बैठ जाता है. गृहणियों को काफी परेशानियों के सामना करना पड़ता है. लोग अपने आप में दम घोंटू महसूस करते हैं, बीमारी के चपेट में आते जा रहे हैं. इसमें संबंधी जिला प्रशासन से लेकर विभाग के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है.वार्ता में अजीत रवानी, दिनेश रजक, अजय साहनी,श्रवण मल्लाह, भीम पासवान, अशोक मल्लाह, अजय निषाद, दीपक चौहान आदि शामिल थे.

## संडे होली डे में अवैध वसूली को लेकर कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

संवाददाता। तेतुलमारी

बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में संडे व होली डे में रुपए की वसूली को लेकर रविवार को तेतुलमारी परियोजना मे ब्लास्टिंग कर्मियों ने वर्कशाप के समक्ष प्रदर्शन किया. इस दौरान कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई. कर्मी पप्पू सिंह ने बताया कि प्रबंधन अपने चहेते कर्मियों को संडे और हॉलीडे की सुविधा देती है.

अन्य कर्मियों को इससे वंचित रखा जाता है. उन्होंने कहा कि संडे ड्यूटी में 1000 तो हॉलीडे की ड्यूटी में 2000 की अवैध वसूली प्रबंधक कर रहा है. कहा कि जमीनी विवाद कारण लेकर पांच दिनों से परियोजना में ब्लास्टिंग का कार्य बंद है, संडे ड्यूटी



मांगने पर पर प्रबंधन का कहता है कि ब्लास्टिंग का कार्य शुरू होगा, तभी संडे देने के बारे में सोचेंगे. प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो हमलोग अपने कार्य का बहिष्कार करेंगे. मौके पर आनंद महतो,रामस्वरूप सिंह, लखन कर्मकार, दिलीप चौहान, शंभू नाथ गुप्ता, प्रीतम पासवान, बुटवा देवी, हुबलाल मांझी, महेंद्र पुजहर आदि शामिल थे.

## कुमारडीह को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने को लेकर बैठक

- किशोरी मंडल का किया गया गठन

संवाददाता। मैथन

महुदा। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की बैठक रविवार को कुमारडीह को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में हुई. मुखिया संगीता घोषाल की बैठक अध्यक्षता में हुई बैठक में इस गांव को बाल विवाह मुक्त एवं बाल मित्र गांव बनाने के लिए किशोरी मण्डल का गठन किया गया, जिसका नाम बुलन्द आवाज रखा गया.

बैठक में ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के लिए ट्रस्ट किशोरी के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी जागरूक कर रहा है. मुखिया संगीता घोषाल ने



कहा कि ट्रस्ट के जागरूकता अभियान की देन है कि ग्रामीण बाल विवाह के खिलाफ जागरूक हुए हैं. उन्होंने पूरे हाथूडीह पंचायत को बाल मित्र पंचायत बनाने की अपील ग्रामीणों से की. मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की पूजा कुमारी, चन्दा कुमारी, तन्नू, किरण, बॉबी कुमारी, नाजिया खातुन, नगमा कुमारी, रूपा कुमारी, अनुराधा कुमारी, रिंकी कुमारी, रोशन खातुन, रेखा कुमारी, जोशना कुमारी, पंपा कुमारी के अलावा दर्जनों किशोरी मौजूद थी.

**आस्था : विधायक समेत गणमान्य लोग हुए शामिल, आकर्षक झाकियों ने लोगों का मन मोहा**

# चिरागोड़ा जागृत मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता। धनबाद

चिरागोड़ा स्थित जागृत मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आठवें दिन रविवार की दोपहर 2 बजे गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शोभा यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया. शोभा यात्रा में बड़ी तादाद में महिलाएं पुरुष और बच्चों समेत विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी कुंभनाथ सिंह, पप्पू साव, वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद, अमरेंद्र सहाय तथा शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए. महिला और पुरुष अपने माथे में गेरुआ पगड़ी बांध रखे थे. बंगाल से आए आकर्षक



झांकी व रामगढ़ से आए सुनामी बैंड लोगों का मन मोहा. शोभा यात्रा के आगे आतिशबाजी और पीछे फूलों की बारिश की जा रही थी. जय माता दी के जयकारे से इलाका गूंजायमान हो उठा. घोड़े पर सवार शंकर सपरिवार सवार थे. वहीं मंदिर में प्रतिष्ठित की जाने वाली देवी प्रतिमाएं भी झांकी के साथ चल रही थी. जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. श्रद्धालुओं को शरबत, फ्रूटी और कोल्ड पिलाया गया.

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बारे में जागृत मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि यज्ञ मंडप में सुबह 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीज यज्ञ की शुरुआत हुई. 11 बजे मंदिर में स्थापित देव प्रतिमाओं को स्नान कराया गया. इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गयी, जो तेलीपाडा, हीरापुर पार्क मार्केट, रणधीर वर्मा चौक, कंबाइंड बिल्डिंग, बेकारबांध, डीआरएम चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची. संध्या 7.30 बजे मां जगदंबा, भगवान शिव, बजरंगबली, राधा-कृष्ण, भगवान राम, लक्ष्मण, भगवती सीता की आरती हुई. 15 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा तथा जागरण होगा. यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री, रतन पांडे, सौरभ दुबे, विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे, ऋषभ कुमार, सुमन पांडे, श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे ने सस्वर रूद्री व चण्डी पाठ किया.

प्राण प्रतिष्ठा के बारे में यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि सोमवार को सुबह 6 बजे यज्ञ शुरू हो जाएगा. सुबह 11 बजे श्रद्धालु हवन कुंड में आहुति देंगे. शुभ योग व शुभ मुहूर्त में दोपहर 3.40 बजे जगत जननी जगदंबा, भगवान शंकर, राम दरबार, राधा-कृष्ण, बजरंग बली और मां शीतला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी.

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग

**महुदा।** पंचायत सचिवालय पाथरगड़िया में रविवार को गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक कदम शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया. प्रतियोगिता का अलग-अलग केटगरी निर्धारित था. कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों को लिए चित्रकला तथा कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों ने कॉम्पिटेटिव परीक्षा दिए. प्रतियोगिता में अलग-अलग स्थानों से कुल 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का परिणाम इस तरह है- प्रथम मिलन चटर्जी, द्वितिय छाया कुमारी, तृतीय नुपूर महतो, चतुर्थ नमन प्रमाणिक तथा पंचम शकुंतला कुमारी.



▼ ब्रीफ खबरें

### सर्पदंश से किशोर की मौत

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र के ससारखो पंचायत के बसगोहरा गांव में सर्पदंश से एक किशोर की मौत हो गयी. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बस गोहरा निवासी अशोक मंडल का 14 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार शुक्रवार की रात अपने छोटे भाई के साथ घर के कमरे में सोया था. इसी दौरान एक करैत सांप ने उसे डंस लिया. हालत बिगड़ने पर उसे गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया. जहां से उसे धनबाद रेफर कर दिया गया. धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

### टैंकर-कार में टक्कर एक घायल

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र जामतारा के समीप डुमरी-गिरिडीह पथ पर रविवार को टैंकर और कार के बीच हुई टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. जबकि कार में बैठे दूल्हा और दुल्हन बाल- बाल बच गए. दुर्घटना के बाद भाग रहे टैंकर को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि टैंकर चालक भागने में सफल रहा.

### डीडीसी ने किया कस्तूरबा विद्यालय चास का निरीक्षण

**बोकारो।** डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने रविवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने बाल संसद की छात्राओं से शैक्षणिक कार्यों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली. विद्यालय की वार्डन को परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय के समीप निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का भी जायजा लिया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली.

### पार्टी की जीत पर खुशी का इजहार

**गिरिडीह।** कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में देशभर के हुए उपचुनाव में कांग्रेस एवं महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया. मौके पर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में जनता अब नफरत, बेरोजगारी, भ्रष्टाचारियों से ऊब गई है. उन्होंने कहा कि अब आने वाले चुनाव में भी महागठबंधन की जीत होगी.

### परगोडीह में रामवती अस्पताल का उद्घाटन

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के परगोडीह में विधिवत रूप से रामवती अस्पताल का उद्घाटन हॉस्पिटल के संचालक डॉली गोस्वामी ने किया. उदघाटन समारोह में झामुमो के जिला कोषाध्यक्ष गौरव कुमार, झामुमो नेत्री गीता हाजरा, मुखिया रंजीत कुमार राम, पूर्व मुखिया सह झामुमो के जमुआ प्रखंड अध्यक्ष चीना खान, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार वर्मा, भाजपा नेता विजय चौरसिया, सुमित्रा रजक, मुकेश रजक, सचिन शर्मा, यशोदा कुमारी समेत कई अन्य उपस्थित थे. इस दौरान कहा गया कि इस सुदूर इलाके में एक बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए अस्पताल का खुलना हर्ष की बात है. अस्पताल के संचालक एवं चिकित्सकों ने कहा कि वे स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दृढ संकल्पित हैं.

### छूटे लोग मतदाता सूची में नाम जरूर जोड़वाएं: डीडीसी

**बोकारो।** बोकारो के उप विकास विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरिजा शंकर प्रसाद ने रविवार को मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2024) के तहत शहर घर-घर सर्वे किया. इस दौरान वह बोकारो विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 268, 284, 276 व 264 के अधीन आने वाले घरों में जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया. वैसे लोग, जिनका नाम किसी कारण से मतदाता सूची में नहीं जुड़ सका है, उन्हें जल्द जोड़वाने या किसी तरह की त्रुटि है, तो उसमें सुधार कराने के लिए फॉर्म भरने के बारे में बताया. इस बीच मालती रेसिडेंसी व आशियाना गार्डन फेज फोर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में वहां रहने वाले लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म भरवाया गया. चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने शिविर का जायजा लिया. मौके पर चास बीडीओ, आवासीय दंडाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

डीपीएस बोकारो में योगासन तकनीकी प्रशिक्षण का समापन

## शरीर, मन व आत्मा को जोड़ने की सनातन विद्या है योग: डॉ. गंगवार

संवाददाता। बोकारो



बोकारो जिला योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से डीपीएस बोकारो में योगासन पर दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का समापन रविवार को हुआ. समापन समारोह का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने किया. योग की महत्ता पर प्रकाश डालतें हुए उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन व आत्मा को एक-दूसरे से जोड़ने की भारत की सनातन व प्राचीन विद्या है. नियमित योगासन के बहुरत सारे फायदे हैं. दो दिनों तक चले प्रशिक्षण में डीपीएस बोकारो सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 125 छात्र-छात्राओं को योगासन के गुर सिखाए गए. कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन झारखंड योग-रत्न से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक विकास गोप व शंकर राणा ने बच्चों को योगासनों से संबंधित सैद्धांतिक व व्यावहारिक पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. इस अवसर पर वरीय उपप्राचार्य अंजनी भूषण, खेल शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, निभा कुमारी, प्रशासक राजन सिंह सहित विद्यालयों के क्रीडा शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे.

### स्कूली छात्रों में खेल सामग्री वितरित

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत रविवार को सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कथारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कथारा उच्च विद्यालय, कथारा के छात्रों को स्कूल बैग और खेल सामग्री प्रदान किया. वितरित किए गए स्कूल बैग में प्रेरणादायक किताबें और गोदान, कर्मभूमि, पंचतंत्र जैसी साहित्यिक पुस्तकों के साथ नोटबुक और स्टेशनरी आइटम शामिल थे. इसके अलावा कथारा उच्च विद्यालय, कथारा को 4 कैरम बोर्ड, 5 शतरंज बोर्ड, 5 फुटबॉल, 2 फुटबॉल नेट सेट, 5 वॉलीबॉल, 2 वॉलीबॉल नेट सेट, 20 स्किपिंग रोप्स इत्यादि वितरित किए गए. छात्रों को पर्यावरण और जलवायु स्थिरता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करें संदेश के साथ जूट बैग भी वितरित किए गए.

कसमार में लाठी प्रतियोगिता, कलाकारों ने दिखाए करतब

## लाठी खेल प्राचीन जीवन पद्धति की महत्वपूर्ण कला है : योगेंद्र

संवाददाता। कसमार (बोकारो)



कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे मोचरो में खिदमत ए खल्क नौजवान कमेटी की ओर से लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. शनिवार की रात हुई प्रतियोगिता में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाएं. कार्यक्रम का उदघाटन राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने किया. उन्होंने कहा कि लाठी खेल हमारी प्राचीन जीवन पद्धति की एक महत्वपूर्ण कला है. प्राचीन काल में जंगलों में रहनेवाले हिंसक जानवारों से रक्षा के लिए लोग लाठी का ही इस्तेमाल करते थे. तभी से लाठी खेल व करतब की शुरुआत हुई. लाठी खेल शरीर की तंदुरुस्ती के साथ-साथ आपसी भाईचारा व उल्लास का भी प्रतीक है. प्रतियोगिता में नूरे इलाही क्लब पाथुरिया, बंगाल टाइगर क्लब करकरा (पुरुलिया), कारवां ए सद्दाम क्लब अंबवा टोला गर्री व यूथ क्लब बनकनारी के कलाकारों के बीच लाठी मुकाबला हुआ. इस दौरान कलाकारों ने देशभक्ति से प्रेरित तिरंगा यात्रा व करतब भी दिखाए. पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने चारों खेल कमिटियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. मौके पर प्रखंड सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, पोंडा पंसस रवि कुमार, रिजवान अहमद, पूर्व उपमुखिया रामसाय हांसदा, अब्दुल मन्नान राय, अख्तर हुसैन राय, हबीब राय, तबारक राय आदि मौजूद थे.

# बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणों ने कोयला खनन कार्य को किया ठप्प

## अपनी मांग को लेकर पिछले एक माह से ग्रामीण हैं आंदोलनरत

संवाददाता। गोड्डा



गोड्डा जिला स्थित ललमटिया ईसीएल प्रबंधन की ओर से लोहंडिया गांव में बिजली मुहैया नहीं कराने से नाराज लोहंडीया के ग्रामीणों ने ईसीएल का चक्का जाम कर कोयला ढुलाई कार्य को ठप कर दिया. लोहंडिया के ग्रामीण पिछले एक महीने से ईसीएल से बिजली की मांग को लेकर सांकेतिक आंदोलन करते आ रहे हैं. महीना दिन बीत जाने के बावजूद भी लोहंडिया में ईसीएल द्वारा बिजली की आपूर्ति नहीं कराई गई तो रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने कोयला खदान में उतर कर धरना प्रदर्शन शुरू कर ईसीएल का चक्का जाम कर दिया.

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ईसीएल से बिजली उपलब्ध नहीं कराई जाती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. बिजली आपूर्ति होने के बाद ही यहां से जायेंगे. विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि ईसीएल प्रबंधन अंग्रेजी शासन करना बंद करे. ईसीएल राजमहल कोल परियोजना ललमटिया के प्रभावित ग्रामीणों के साथ शोषण कर रही है. परियोजना से कई किलोमीटर दूर इलाके को ईसीएल की बिजली मुहैया कराई गई है लेकिन खनन क्षेत्र से सबसे नजदीक गांव लोहंडिया बाजार को प्रबंधन की ओर से बिजली न देना बड़ी नाइंसाफी है. ग्रामीणों ने कहा कि यह लड़ाई ईसीएल से आर पार की लड़ाई है. जब तक प्रबंधन लोहंडिया बाजार को बिजली मुहैया नहीं कराती है, तब तक सुनियोजित तरीके से खनन कार्य बंद रहेगा.

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लोहंडिया बाजार के ग्रामीण पिछले एक माह से लगातार गांव में ईसीएल की बिजली की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है. बीते 14 जून को ग्रामीणों ने खनन क्षेत्र को बिजली देने की मांग को लेकर कार्य बंद किया था. इसके बाद ग्रामीणों ने 27 जून को परियोजना प्रबंधन के नाम पत्र प्रेषित कर बिजली मुहैया करने को लेकर 14 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि दिए गए समय पर मांग पूरी नहीं की गई तो खनन क्षेत्र में कार्य को बंद किया जाएगा. बीते 4 जुलाई को ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ जल सत्याग्रह भी किया था. बीते 12 जुलाई को लोहंडिया बाजार में ग्रामीणों ने मशाल जुलूस निकाला, उसके बाद भी ईसीएल प्रबंधन द्वारा बिजली मुहैया नहीं कराई गई. जिसके बाद ग्रामीणों ने रविवार को पूरी तरह से खनन क्षेत्र को बंद कर दिया. ग्रामीणों ने कहा कि बंदी के दौरान उत्पादन एवं प्रेषण में जो भी नुकसान होगी, सारी जवाबदेही राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक, प्रभारी एवं पदाधिकारी की होगी.

### नीट की पढ़ाई कर रहे मोहित को संघ ने की मदद

**कसमार (बोकारो)।** अखिल भारतीय रजवार सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी संघ ने कसमार प्रखंड के गर्री निवासी मोहित कपरदार की उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी है. मोहित पैसे के अभाव में एनआईटी जमशेदपुर में फीस जमा नहीं करा पाने के कारण काफी परेशान था. मोहित के पिता तुलसी कपरदार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पुत्र का एनआईटी में अंतिम वर्ष की पढ़ाई चल रही है, लेकिन पैसे के अभाव में बच्चे की आगे की पढ़ाई में परेशानी हो रही थी. जब इसकी जानकारी भारतीय रजवार सेवानिवृत्त अधिकारी संघ के पदाधिकारियों को दी तो उन्होंने मामले पर त्वरित पहल करते हुए पुत्र की पढ़ाई में आर्थिक मदद की. संघ की ओर से लगभग 40 हजार की राशि पुत्र की पढ़ाई के लिए उपलब्ध कराई गई. जिसके बाद बेटे की आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से चल पाएगी. संघ के संरक्षक सुरजन कपरदार ने बताया कि समाज में जो भी बच्चे शिक्षा के मामले में आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, वैसे गरीब बच्चों के लिए संघ हमेशा आर्थिक मदद को तैयार है. समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा बहुत जरूरी है. इस दौरान कसमार की पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी, डीलेशवर रजवार, मनोहर कपरदार, अजीत कपरदार सहित संघ के अन्य लोग मौजूद थे.

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, कई घरों को किया ध्वस्त

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत कुड़को पंचायत के पहाड़पुर में जंगली हाथियों की झुंड ने खूब तबाही मचाई. हाथियों के झुंड ने पहाड़पुर में कई घरों को तोड़ दिया है, साथ ही घर में रखे अनाज एवं खाने पीने के समान को भी नुकसान पहुंचाया है. हाथियों के झुंड ने पहाड़पुर निवासी तुलसी कोल्ह, बिनोद कोल्ह, लखन कोल्ह, जानकी कोल्ह, रषिक कोल्ह, सरजू राणा, बिरजू राणा, छोटू राणा का घर क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही कई क्विंटल चावल, बजरा, गेहूं, दाल एवं फसल बर्बाद कर दिया. हाथियों के इस उत्पाद के बाद गांव में भारी भय का माहौल है, गांव वाले डरे सहमे से हैं. फिलहाल हाथी कुड़को के ही जंगल में मौजूद है. बताया जाता है कि हाथियों के झुंड में लगभग 25 से 30 हाथी शामिल हैं.

### प्रकृति में संतुलन के लिए लगाएं अधिक पौधे : राजेश

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम हुआ. मौके पर बेंगाबाद जिला परिषद सदस्य रहे भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि मौजूदा समय प्रकृति को संतुलित रखने के लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण की जरूरत है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम भावी पीढ़ी के साथ बड़ा अन्याय करेंगे. उन्होंने लोगों से प्रकृति को हरा-भरा रखने व इससे दोहरा लाभ लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे लगाने के लिए लोगों का प्रेरित किया. उन्होंने स्कूल परिसर में स्वयं भी शरीफा और लीची के दो पौधे लगाए. साथ ही विद्यालय परिवार परिसर में किए गए पौधरोपण की तारीफ की. कहा कि दूसरे विद्यालयों के लिए भी यह अनुकरणीय है.

### मेडिप्लस हेल्थ सेंटर में लगा निःशुल्क डेंटल जांच शिविर

**बोकारो।** कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित मेडिप्लस हेल्थ केयर सेंटर में रविवार को निःशुल्क डेंटल जांच शिविर लगाया गया. इस शिविर में 62 मरीजों का उपचार किया गया. डेंटिस्ट द्वय डॉक्टर स्वेता मिंज और डॉक्टर सुमित ने सभी मरीजों की सिलसिलेवार जांच की और उन्हें उचित दवा और सलाह दी. इस अवसर पर मेडिप्लस सेंटर के रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर रविवार को निःशुल्क डेंटल जांच शिविर का आयोजन किया जाता है. इसके अलावा पैथेलॉजिकल जांच में संस्थान बीस प्रतिशत तक की छूट भी दे रही है.

### जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ जल्द दे सरकार: संघ

**साहिबगंज।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ की साहिबगंज इकाई की बैठक रविवार को सिदो-कान्हूं स्टेडियम में हुई. बैठक की अध्यक्षता सचिव उत्तम सिंह ने कहा कि जिले के जनसेवकों की नियुक्ति एक अक्तूबर 2012 को हुई थी. नियमतः एक अक्तूबर 2022 को सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ मिल जाना चाहिए था. लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ. मामाल सरकारी फाइलों में दबा है. जबकि अन्य संवर्गों में प्रोन्नति, एमएसीपी व अन्य लाभ पर त्वरित कार्रवाई हो जाती है. उन्होंने सरकार से जिले के जनसेवकों को एमएसीपी का लभ जल्द देने की मांग की. निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे पर संघ का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही डीसी व डीडीसी से मिलेगा.

### महिला विकास मंच की बैठक में नई कमिटी का गठन

**पीरटांड (गिरिडीह)।** कुम्हरलालो पंचायत भवन में रविवार को महिला विकास मंच की एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें गिरिडीह जिला के लिए नई कमेटी गठित की गई. इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिला विकास मंच के उद्देश्यों के बारे में बताया गया. साथ ही लोगों को मदद कैसे करना है, इसके बारे में महिलाओं-पुरुषों को बताया गया. इसके साथ ही महिलाओं-पुरुषों के साथ हो रहे हिंसा के बारे में जानकारी दी गई. जिसके बाद महिला विकास मंच के गिरिडीह जिला के नई कमेटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रिंकु कुमारी, संयोजक सोनी देवी, उपाध्यक्ष आरती सिंह, गुड़िया देवी, कोषाध्यक्ष राधा रानी, सलाहकार कमला कुमारी को बनाया गया.

### मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली कलश यात्रा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के मानपुर नाई टोला में नव निर्मित मंदिर में मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर परिसर से शोभायात्रा आरंभ हुई. जय माता दी जयघोष से संपूर्ण वातावरण गूंजायमान रहा. शोभायात्रा में सैकड़ों कन्याओं के साथ बैंड बाजा व वाहनों का कारवां शामिल रहा. मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकल कर पिहरा बाजार, मानपुर, खाश पिहरा सहित पंचायत के सभी जगहों का भ्रमण कर अरगा नदी घाट पहुंची. जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भराया गया. सभी भक्त जयकारा लगाते हुए पुनः वापस मंदिर परिसर पहुंच पूजा अर्चना किया. शोभायात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में विद्वान आचार्यों ने विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आरंभ की.

### अभिनंदन समारोह में पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**सरिया (गिरिडीह)।** सरिया रेलवे फाटक के समीप भाजपा का अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, रविंद्र राय, छोटेलाल यादव, नारायण पाण्डेय उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं व मंडल अध्यक्ष को स्वागत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश काफी विकास कर रहा है और देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है. कहा कि पूरे देश का नाम विश्व के पटल पर इन्होंने रोशन किया. आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड को पूर्ण बहुमत के साथ जनता फिर से बनाने का काम करेगी.

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में गई. बैठक में शामिल सभी अखाड़ा कमेटी के सदस्यों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का आह्वान किया गया. आमजनों का सहयोग जरूरी है. पुराने रुट चार्ट का अनुपालन करना है, नये रुट का चयन किसी भी स्थिति में नहीं होगा. लाइसेंसधारी यथाशीघ्र आवेदन दें. बैठक में बीडीओ निसात अंजुम, थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, मुखिया मो अकबर, जितेंद्र मंडल, हाजी उस्मान, मो अनवर, मो समसुद्दीन, मो आलम, मो आशिक, मो शाकिर, मो मोकिम, राजकुमार गुप्ता, रवि वर्मा, अंथोनी स्वामी, मीठु पाठक, मो इकराम, मो जाकिर सहित दर्जनों अखाड़ा कमेटी के सदस्य मौजूद थे.

### जेएमएम व्यवसायिक मोर्चा का हुआ विस्तार

**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महत्वपूर्ण विंग व्यावसायिक मोर्चा के विस्तार के लिए बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से देवघर जिला अध्यक्ष संजय कु० शर्मा, केंद्रीय सदस्य सह जिला प्रवक्ता सुरेश शाह, अजय नारायण मिश्रा, व्यवसायिक मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्यामाकांत झा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया, संगठन सचिव लड्डू नरोने, फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप बरनवाल, नेता महेंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे. मौके पर उपस्थित लोगों के बीच संगठन का विस्तार किया गया. पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा, प्रवक्ता सुरेश साह ने संयुक्त रूप से कहा कि झामुमो का व्यवसायिक संगठन पहले से अब बहुत मजबूत हुआ है.

## सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर में लगा गंदगी का अंबार

### नगर आयुक्त से मांग पूरी करने की मांग

संवाददाता। देवघर



झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार तथा देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी की सदस्य प्रमिला देवी ने देवघर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की पांच सूत्री मांगों को मानने की मांग देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त रोहित सिन्हा से की है. इंटक के नेताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण साफ सफाई के अभाव में पूरे शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. इंटक के नेताओं ने कहा कि 5 दिनों के बाद श्रावणी मेला का आगमन और दूसरी ओर सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शहर में गंदगी का ढेर, निश्चित रूप से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा. वर्तमान में शहर के घनी आबादी वाले मुहल्लों और बाजारों में कचड़ा का अंबार लग गया है. इतना ही नहीं बजरंगी चौक, स्टेडियम रोड, मीणा बाज़ार आदि जगहों के साथ-साथ टावर गली ख़ास कर भोजन वाले होटलों के आसपास की स्थिति और भी दयनीय है. ऐसे में नगर आयुक्त को चाहिए कि निगम के सफ़ाई कर्मियों के मांगों पर त्वरित कार्यवाई की जरूरत है, ताकि आम शहरी सहित बाबा नगरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी से मुक्ति मिले.

## विधायक सुदीव्य ने रखी राजेंद्र स्मृति भवन की आधारशिला

### कायस्थ समाज में खुशी, अन्य प्रतिनिधियों से भी लिया जाएगा सहयोग

संवाददाता। गिरिडीह



बस स्टैंड के करीब देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन की आधारशिला विधायक सुदीब्य कुमार सोनू ने रखी. स्मृति भवन निर्माण के लिए विधायक ने फंड से 11 लाख की राशि दी है. कहा कि अच्छे कार्यों में सहयोग करने से मन को खुशी होती है. स्मृति भवन निर्माण के लिए राशि की कमी नहीं होगी. दी गई राशि खत्म होने से पहले ही 11 लाख की राशि देने का आश्वासन दिया है.

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य में कोई भी जनप्रतिनिधि सहयोग से पीछे नहीं हटेगा. उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी कायस्थ समाज को कुछ सहयोग कर रहा हूं, यह मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है.

मौके पर मौजूद पीके दत्ता, त्रिपुरारी बक्सी, अजय सिन्हा मंटू, कृष्णा प्रसाद, राजेश सिन्हा, त्रिभुवन दयाल, नित्यानंद प्रसाद, बबलू सिन्हा, सिंकु सिन्हा आदि ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के संदर्भ में चर्चा की. साथ ही गिरिडीह विधायक को भी धन्यवाद दिया. मंच संचालन सतीश कुंदन ने किया. वहीं कार्यकर्म की समाप्ति की घोषणा संजीव नाथ ने की.

इस दौरान रितेश सिन्हा, चुन्नुकांत, अमर सिन्हा, विकास सिन्हा, अनूप सिन्हा, रंजय बरदियार, सुमन सिन्हा, टिंकू सिन्हा, उमा सिन्हा, पूनम सिन्हा, नीलू सिन्हा, संजीव सिन्हा, शिवेंद्र सिन्हा, अभय सिन्हा, रणजीत सिन्हा, चंदन सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, शशि सिन्हा, बंटी सिन्हा, शिवम आजाद श्रीवास्तव, संजीव रंजन सिन्हा, राज कमल राजेश, नवीन सिन्हा, राजेश सिन्हा, प्रवीन सिन्हा, बबन सिन्हा, ज्योति सिन्हा, नीतीश आनंद, रवीश आनंद, रंजीत सिन्हा, संजीव रंजन सिन्हा, पंकज सिन्हा, रत्नेश दराद, रौशन सिन्हा, अनुज सिन्हा आदि सैकड़ों कायस्थ समाज के लोग मौजूद थे.

**स्वागत** संघर्ष करने वाले 13 संगठनों ने ढुल्लू महतो का किया अभिनंदन

# विस्थापितों की जायज मांगों को पूरा करायेंगे: सांसद

संवाददाता। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों के हक के लिए संघर्ष करने वाले 13 संगठनों ने रविवार को अग्रसेन भवन में नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजित करके भव्य स्वागत किया. सांसद ढुल्लू महतो ने अभिनंदन समारोह में उपस्थित विस्थापितों और जो कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए उन सभी विस्थापितों को समर्थन में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया. सांसद ने कहा कि बोकारो के मतदाताओं ने हमें एक लाख सरसठ हजार मत देकर ऋणी बना दिया है. इसका एहसान उतारने के लिए कोई भी त्याग के लिए हमेशा तैयार हूं. जहां तक विस्थापितों की बात है, हमने आपके दर्द और शोषण को लंबे समय से सुन रखा था, आज विस्तृत रूप से समझने का मौका मिला है. आपके सर्वस्व न्यौछावर से पूरा देश महक रहा है. आप विस्थापितों को विश्वास दिलाता हूं कि एकजुटता बनाए रखें, आपके हरेक वाजिब मांगों को हासिल करने के लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी. जो भी लिखित-मौखिक समझौते हुए हैं,उसे हासिल किया जाएगा. अभिनंदन समारोह को विस्थापितों ने एक सम्मेलन की तरह संचालन करते हुए कई प्रस्ताव पास किए. जिसमें चतुर्थ श्रेणी के पद की आरक्षण को कानूनी दर्जा मिले, 19 गांवों को पंचायत में शामिल किया जाय, पार्टी जमीन की वापसी, विस्थापित आयोग बने, अप्रेंटिस कराकर शत प्रतिशत की नियोजन का नियम बने, विस्थापित के लिए एक संगठन बनाने की मांग प्रस्ताव में शामिल है.

कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर विस्थापित नेता साधु शरण गोप एवं संचालन हसनुल अंसारी और रघुनाथ महतो ने किया. कार्यक्रम का सहदेव साव, बैजनाथ बेसरा, हक बाबू अंसारी, इरफान अंसारी, फुलचांद महतो, राजकुमार मोदक, शंकर लाल गोप, चंद्रकांत महतो, सरोज महतो, भगवान साव, मुनेश्वर महतो, टीडी मंडल, मो शाहिद, कमलेश ठाकुर, संतोष कर्मकार, सुरेंद्र महतो, मनोहर गोप, अयूब अंसारी, अयाज, जियाउल, दीपू मोदी, अब्दुल रब अंसारी, अनिता देवी, आरती देवी, सुषमा गुप्ता, ममता गोस्वामी, वकील अग्रवाल, सुनील महतो ने संबोधित किया.

### बोकारो मिडटाउन का 11वां स्थापना दिवस आयोजित

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स का 11वां स्थापना दिवस का आयोजन होटल वेस्टिन नया मोड़ में किया गया. रोटरी बोकारो मिडटाउन की नए अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने सत्र 2024-25 के लिये अपना कार्यभार संभाला है. कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई. कार्यक्रम का संचालन मोनिका रस्तोगी ने किया और पूर्व अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया. रोटरी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने बताया कि इस साल रोटरी की तरफ से अनेकों सामाजिक कार्य किये जायेंगे, जिसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण, मातृ-शिशु चिकित्सा, शिक्षा का विस्तार, स्वच्छ जल की व्यवस्था, रोगों से रोकथाम एवं लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा. कार्यक्रम में बोकारो, चास, रांची, रामगढ़ एवं धनबाद के रोटरी सदस्यों ने भाग लिया. कार्यक्रम में बोकारो के बीएसएल, ओएनजीसी और सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी सम्मलित हुए.

## ब्रीफ खबरें

### चुंचुरा में युवक की करंट लगने से मौत

**हुगली।** चुंचुरा जिले के एक युवक को रविवार को ट्यूबवेल से करंट लगने से मौत हो गई. मृतक का नाम आकाश सिंह था, जो चुंचुरा नगर पालिका के वार्ड नंबर 22 के दत्ता कॉलोनी में रहता था. उनके परिवार के अनुसार, आकाश हर सुबह चुंचुरा कृषि फार्म क्षेत्र में दौड़ने जाता था, जो चुंचुरा स्टेशन के पास अनाज अनुसंधान केंद्र के अंदर है. इस दिन वे अपनी रोजाना की तरह ही जॉगिंग करने गए थे. उनके साथ उनका दोस्त सागर विश्वास भी था, जिसके साथ वे व्यायाम करने के बाद ट्यूबवेल के पानी से नहाते थे. इस दौरान आकाश को ट्यूबवेल के पाइप से करंट लग गया. सागर ने तुरंत अपने दोस्त की मदद के लिए अस्पताल ले गया, लेकिन डॉक्टर ने उनकी मौत की सूचना दी. स्थानीय पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है और संभावित कारणों की जांच कर रही है.

### बंगाल में तृणमूल की जीत पर जश्न

**आसनसोल।** तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में आयोजित चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की है. ये चार सीटें नाकशिपाड़ा, कालीगंज, नांदकुमार और आसनसोल हैं. इन चुनावों में भानु बोस के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने विजयी होकर अपने प्रतिष्ठान्वित किया. उपचुनाव के परिणामों के बाद आसनसोल में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. जुलूस के माध्यम से वे नगर की गलियों में उत्साह और उमंग बिखेरते हुए अपनी जीत को धरोहर माना. इस जीत ने कांग्रेस को राजनीतिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण संकेत दिया है, खासकर विधानसभा चुनावों से पहले. तृणमूल कांग्रेस के नेता भानु बोस ने इस विजय को बंगाल में पार्टी की मजबूती का सबूत माना.

### मुहर्रम के दौरान पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण

**रूपनारायणपुर।** मुहर्रम के मौके पर रूपनारायणपुर चौकी में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सालानपुर थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी अमित कुमार हाटी ने मुसलमान समुदाय के इस विशेष धार्मिक आयोजन के शांति और सुरक्षा को ध्यान में रखने की पहल की. बैठक में समुदाय के विभिन्न मस्जिद समितियों के प्रतिनिधित्व में भी शामिल हुए. बैठक के दौरान सभी प्रमुखों ने मुहर्रम के दौरान शांति और विशेष धार्मिक उत्सव को सुचारू रूप से मनाने के लिए संकल्प जताया. पुलिस अधिकारियों ने सामाजिक सुरक्षा की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया. उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे अफवाहों और असत्य खबरों में ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी सबसे पहले पुलिस को दें.

### भाजपा नेत्री ने की वित्तीय सहायता

**आसनसोल।** आसनसोल में भाजपा नेत्री और सह नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता चैताली तिवारी ने अपनी चुनावी प्रतिबद्धता के अनुसार एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने वार्ड के 3 परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की है. इस इनिशिएटिव का मुख्य उद्देश्य था इन परिवारों की बेटियों की शादी में सहायता करना. चैताली तिवारी ने बताया कि उन्होंने यह निर्णय चुनावी प्रतिबद्धता के तहत लिया है, ताकि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर परिवारों को मदद मिल सके. उन्होंने यह भी बताया कि उनका यह कदम स्वाभाविक रूप से विशेष संदर्भ में लिया गया है, जब समाज के ऐसे सेगमेंट्स को समर्पित किया जाता है जो अपनी सामाजिक संगठना के माध्यम से सामाजिक समर्थन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं.

### अकस्मात मृत्यु पर जितेंद्र ने व्यक्त किया दुख

**आसनसोल।** भाजपा नेता सह पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी ने श्रीकृष्णपुर में पंचायत प्रत्याशी झुंपा रुइदास के ससुर की अकस्मात मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है. रुइदास के ससुर की आकस्मिक इस निधन ने समुदाय में गहरी शोक स्थिति उत्पन्न की है. तिवारी ने इस दुःखद घटना के बारे में अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रीकृष्णपुर के रुइदास परिवार के घर पहुंचे और वहां दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की. तिवारी ने कहा कि उनके अकस्मिक निधन से मैं गहरे शोक में हूँ. वे समाज के लिए एक समर्पित नागरिक थे और उनकी यादें हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेंगी. मैं उनके परिवार के साथ हूँ और उन्हें हर समर्थन और सहानुभूति देने की पूरी शक्ति प्रदान करूँगा.

# पूर्व मेयर ने नगर निगम पर लगाए गंभीर आरोप

## रेल पार इलाके के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार



**संवाददाता । आसनसोल**

आसनसोल नगर निगम के पूर्व मेयर और भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने नगर निगम पर रेल पार इलाके को वंचित करने का आरोप लगाया है. उन्होंने आरोप लगाया कि आसनसोल नगर निगम द्वारा रेल पार इलाके के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जिसके कारण वहां विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि हर साल बारिश के मौसम में गाडुई नदी में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. तिवारी ने आरोप लगाया कि आसनसोल नगर निगम द्वारा अब तक इस नदी की सफाई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसके कारण बरसात का मौसम आते ही इस क्षेत्र के लोग आतंकित हो जाते हैं. इसके अलावा तिवारी ने कहा कि रेल पार इलाके में पानी, साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं का अभाव है. इस कारण वहां के निवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. उन्होंने आसनसोल नगर निगम पर आरोप लगाया कि वे इस क्षेत्र की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं. इन्हीं समस्याओं को लेकर जितेंद्र तिवारी ने 15 जुलाई को धधका इलाके में मंगल पांडे सेतु के निकट धरने पर बैठने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी आसनसोल नगर निगम की नींद नहीं टूटती है तो वे और उनके समर्थक लगातार धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे. तिवारी ने आसनसोल की जनता के लिए संदेश जारी करते हुए कहा कि नगर निगम को रेल पार के लोगों की मुश्किलों को गंभीरता से लेना चाहिए और जल्द से जल्द समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए. उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इस धरने में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करें.

# भाजपा-सीपीआईएम के सदस्य टीएमसी में शामिल



**संवाददाता । पुरुलिया**

बीजेपी और सीपीआईएम से विश्वास खो देने के चलते तृणमूल कांग्रेस को पुरुलिया जिले के काशीपुर ब्लॉक क्षेत्र में बड़ी बढ़त मिली है. बीजेपी के मंडल उपाध्यक्ष और सीपीआईएम के विजयी पंचायत सदस्यों सहित लगभग 70 परिवार तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए. राज्य तृणमूल कांग्रेस के सचिव स्वपन बेलथरिया और पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सौमेन बेलथरिया ने रविवार को काशीपुर तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में प्रतिभागियों को पार्टी का झंडा सौंप कर पार्टी में उनका स्वागत किया. मालूम हो कि इस दिन भाजपा मंडल सह अध्यक्ष भारती हांसदा सहित अगारडी-चित्रा क्षेत्र के 40 परिवार और बेको क्षेत्र से सीपीआईएम के विजयी सदस्य भूतनाथ चौधरी सहित उस क्षेत्र के 30 परिवार तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए. तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने वालों ने कहा कि उनका बीजेपी और सीपीआईएम से भरोसा उठ गया है. सीपीएम के निर्वाचित सदस्य भूतनाथ चौधरी ने कहा कि मैं स्वेच्छा से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुआ हूं. क्योंकि जनता का विकास करने वाली एकमात्र पार्टी तृणमूल कांग्रेस ही है.

वहीं बीजेपी से शामिल हुईं भारती हांसदा ने कहा कि मेरा बीजेपी में रहना गलत है, हमारे बीजेपी विधायक ने कोई काम नहीं किया है. हमारी कोई मदद नहीं की. इसलिए क्षेत्र का विकास करने की सोच के साथ आज शामिल हुआ हूं. दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सौमेन बेलाथरिया ने कहा कि चुनाव के बाद से लगातार लोग तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं. उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ है. इसलिए वे अपनी पार्टी के तौर पर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं. हम इस परिग्रहण का स्वागत करते हैं. दूसरी ओर, राज्य तृणमूल सचिव स्वपन बेलथरिया ने कहा कि लोगों को अपनी गलती का एहसास हो गया है और यही कारण है कि वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं. हमारी एक ही बात है कि अगर हमें जनता का विकास, क्षेत्र का विकास करना है तो एकमात्र पार्टी तृणमूल कांग्रेस है. लोग इसे समझते हैं. इसलिए वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं.

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**आसनसोल।** रविवार को आसनसोल रेलवे डिवीजन के टिकट चेकिंग स्टॉफ ने आसनसोल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर मेन गेट के निकट एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस मौके पर आसनसोल नगर निगम के डीआरएम चेतनानंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे. उन्होंने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और उन्हें ब्लड डोनेशन सर्टिफिकेट प्रदान किए. पत्रकारों से बात करते हुए चेतनानंद सिंह ने कहा कि आसनसोल रेलवे डिवीजन के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एक सराहनीय पहल है. उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके कर्मचारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेते हैं. सिंह ने बताया कि टिकट चेकिंग स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत से निभाते हैं और रेलवे की ओर से उन्हें विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर तरीके से निभा सकें. उन्होंने सभी से रक्तदान करने का आग्रह किया और बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर छह महीने के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है. आसनसोल रेलवे स्टेशन के सीआईटी जनरल मोहम्मद जाहिद अख्तर ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन हर साल सीनियर डीसीएम के निर्देश पर किया जाता है.

# झारखंड में अवैध लॉटरी टिकटों की बिक्री जारी



**संवाददाता । आसनसोल**

पश्चिम बंगाल सरकार के पुलिस प्रशासन ने झारखंड जिले के लॉटरी टिकटों को अवैध घोषित कर उनकी बिक्री पर रोक लगा दी है. इसके बावजूद, पश्चिम बर्दवान जिले के विभिन्न हिस्सों में इन अवैध लॉटरी टिकटों की बिक्री धड़ल्ले से जारी है. एक लॉटरी टिकट विक्रेता ने बताया कि उन्हें राज्य सरकार के प्रतिबंद्ध की जानकारी है, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लॉटरी टिकट का पैसा और कमीशन कम करने के कारण ग्राहक नहीं मिल रहे हैं. इस स्थिति में, विक्रेता मजबूरन झारखंड के लॉटरी टिकट बेच रहे हैं. सरकार की इस नीति के कारण विक्रेता अपने व्यापार को बनाए रखने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त हो रहे हैं. राज्य सरकार द्वारा इस मामले पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होने से यह समस्या और बढ़ती जा रही है. स्थानीय पुलिस प्रशासन को इस दिशा में कड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि अवैध लॉटरी टिकटों की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके और विक्रेताओं को वैध तरीके से व्यापार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके.

# इस साल राजस्थानी थीम से सजेगी दुर्गा पूजा मंडप



**संवाददाता । दुर्गापुर**

राजस्थान का एक टुकड़ा. इस बार दुर्गापुर में एक पूजा मंडप इसी थीम पर सजने जा रहा है. सिटी सेंटर की उर्वशी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हर साल थीम में नवीनता लाकर लोगों का दिल जीतती है. इस बार 21वां साल भी अपवाद नहीं रहेगा, इस साल भी उर्वशी सर्वजन पूजा समिति 'ए पीस ऑफ राजस्थान' की थीम सामने लाकर आश्चर्यचकित करना चाहती है. रविवार सुबह एक समारोह के साथ उनकी तैयारी शुरू हो गई. उद्यमियों के अलावा क्षेत्र वासियों की मौजूदगी में पंचायत, ग्रामीण विकास एवं सहकारिता विभाग के मंत्री प्रदीप मजूमदार और आसनसोल दुर्गापुर विकास परिषद यानी अड्डा के चेयरमैन कबी दत्ता ने पोल पूजा का उद्घाटन किया. इसके अलावा प्रमुख लोग मौजूद थे. उद्यमियों की ओर से सुप्रिया गंगोपाध्याय ने कहा, उर्वशी सार्वजनिक हर साल दुर्गापुर के लोगों के लिए कुछ नया लेकर आती हैं. इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा. इस साल पूजा मंडप में राजस्थान के लोगों की आजीविका, परंपराओं और संस्कृति को बिल्कुल अलग तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा.

### बच्चा चोरों के खिलाफ जागरुकता अभियान

**कुल्टी।** बच्चा चोरी के मामलों में बढ़ती गंभीरता के संकेत को देखते हुए कुल्टी थाने ने चौरंगी चौकी क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान, कल्याणेश्वरी चौराहा सहित अन्य विभागों में पुलिस द्वारा लोगों को बच्चा चोरी और अन्य अपराधों के खिलाफ सावधानी बरतने की अपील की गई. थाना प्रभारी निरीक्षक ने यह अभियान शुरू करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ लड़ाई में सामाजिक सामूहिकता की आवश्यकता है और साथ ही सामुदायिक जागरुकता के माध्यम से इसे रोका जा सकता है. उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को भी बच्चा चोरी या किसी अन्य अपराध का संदेह हो तो उसे स्थानीय पुलिस को सूचित करें और खुद कानून के हाथ में न लें. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अपराधों के खिलाफ सामूहिक रूप से संघर्ष करना है, ताकि समुदाय का हर व्यक्ति अपनी सुरक्षा में सहायता कर सके.

# चारपहिया वाहन पलटने से पांच घायल, चालक सुरक्षित



**संवाददाता । सालनापुर**

आसनसोल के सालानपुर थाना क्षेत्र के सुईडी इलाके में शनिवार शाम एक चारपहिया वाहन के पलटने से पांच लोग घायल हो गए. घटना राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 19 के समीप घटी, जब झारखंड से आसनसोल जा रही एक वाहन का पहिया फट गया. इससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई. वाहन में चालक समेत छह लोग सवार थे, जिसमें से पांच लोग घायल हो गए. चालक सुरक्षित है और सभी घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया.

घटना की सूचना मिलते ही सालानपुर थाने और कुल्टी ट्रैफिक गार्ड की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है. मामले की जांच की जा रही है.

## न्यूज अपडेट

### गैस लीक होने से स्थानीय लोग में भय



**जामुड़िया।** जामुड़िया थाना अंतर्गत केंदा फाड़ी के न्यू केंदा कोलियरी के तीन नंबर कहार पाड़ा के पास स्थित बंद पड़े वेस्ट केंदा ओसीपी से आग की लपटें तथा धुआं निकलने से स्थानीय लोगों में आतंक बना हुआ है. लोगों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता हो रही है. मालूम हो कि परितक्त वेस्ट केंदा ओसीपी में सालों से आग लगा हुआ है, जिसे ईसीएल द्वारा छाई भराई कर ढंक कर रखा गया है. वहीं बारिश होने के कारण सभी मुहांने खुल गए हैं, जिसके कारण आग की लपटें तथा धुआं निकलने लगा है. धुआं में मिथेन गैस होने की वजह से लोगो को सांस लेने में परेशानी हो रही है. स्थानीय निवासी इंद्रदेव राम ने कहा कि आग व धुआं निकलने से सभी लोगों के दहशत बना हुआ है. वहीं धुआं निकलने से लोगों को घुटन जैसा लग रहा है. इसके अलावा जमीनों पर दरार पड़ गई है, जिससे भू धंसान का खतरा बना हुआ है. आग की लपटे धीरे-धीरे बढ़ रहा है. जिसके लिए ईसीएल प्रबंधन को कोई ठोस पहल करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि वेस्ट केंदा ओसीपी बंद होने के बाद से ही क्षेत्र में आग लगा हुआ है, जिसे बुझने के लिए ईसीएल प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है.

### नरेंद्र नाथ हार्ट सर्जरी के बाद घर लौटे

**दुर्गापुर।** पश्चिम बर्धमान जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती दिल का ऑपरेशन कराकर रविवार को बेंगलुरु से घर लौट आये. 28 जून को नरेन चक्रवर्ती दिल के ऑपरेशन के लिए बेंगलुरु गए थे, उस वक्त पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जिला अध्यक्ष के स्वास्थ्य की कामना के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर पूजा, आराधना, विशेष यज्ञ और प्रार्थना का आयोजन किया था. 1 जुलाई को बेंगलुरु के एक अस्पताल में नरेन चक्रवार्ती की सफल ओपन हार्ट सर्जरी हुई. रविवार को नरेन चक्रवार्ती बेंगलुरु से अंडाल एयरपोर्ट पर एक बजे उतरे. उनके साथ उनकी पत्नी अनुभा चक्रवर्ती, जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी और कई अन्य लोग भी थे. सुबह से ही हवाई अड्डा परिसर में जिला अध्यक्ष के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता समर्थक व अनुयायी मौजूद थे. वहां राज्य मंत्री प्रदीप मजूमदार, तृणमूल नेता पंकज रॉय सरकार, सुभाष मंडल दल की महिला शाखा की जिला अध्यक्ष असीमा चक्रवर्ती और अन्य थे. एयरपोर्ट के मुख्य द्वार के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा होने के कारण नरेन चक्रवार्ती को दूसरे रास्ते से एयरपोर्ट से बाहर ले जाया गया. वहां से वह सड़क मार्ग से पांडवेश्वर स्थित सुभाष कॉलोनी स्थित आवास पर लौटे.

### चेतना नंद ने किया पीक्यूआरएस का निरीक्षण

**आसनसोल।** पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक चेतना नंद सिंह ने कालीपहाड़ी स्टेशन पर प्लासर क्विक रिलेइंग सिस्टम (पीक्यूआरएस) का निरीक्षण किया. निरीक्षण में कुशल ट्रैक नवीनीकरण के महत्व और रेलवे संरक्षा और दक्षता बनाए रखने में पीक्यूआरएस की भूमिका पर जोर दिया गया. आसनसोल मंडल ने दक्षता और संरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रैक रिलेइंग के लिए पीक्यूआरएस (प्लासर क्विक रिलेइंग सिस्टम) नामक एक आधुनिक प्रणाली लागू की है. इस प्रणाली में पुराने ट्रैक पैनल को हटाने और नए ट्रैक पैनल को लगाने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग करना शामिल है, जिससे ट्रैक रखरखाव के लिए आवश्यक समय में काफी कमी आती है. पोर्टल क्रेन का उपयोग करके, प्रक्रिया तेज और अधिक व्यवस्थित हो जाती है. यह विधि न केवल पटरियों की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि सुरक्षित और सुचारू ट्रेन संचालन भी सुनिश्चित करती है. पीक्यूआरएस की शुरूआत यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए आसनसोल मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने फील्ड स्टाफ की उनके समर्पण के लिए सराहना की और ट्रैक संरक्षा और समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया.

### अनियंत्रित कार गाड़ी से टकराई, एक घायल

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम अंतर्गत 21 नंबर वार्ड के डॉ. बी. सी. रॉय रोड पर सुगम पार्क के निकट सुबह एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे फूल बेचने वाली गाड़ी से जा टकराई. इस दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया. वहीं, फूल बेचने वाली गाड़ी और कार दोनों को क्षति पहुंची है. टक्कर के तुरंत बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया. कुछ देर में जब लोगों को दुर्घटना का कारण समझ आया तो भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने कार चालक और उसके साथ बैठे युवकों को पकड़ लिया. कार चला रहा 20 वर्षीय युवक बर्नपुर निवासी था, जबकि उसके साथ एक 22 वर्षीय युवक बैठा था. लोगों ने दोनों युवकों को पास के एक लब में बंदी बना लिया और उनके घरवालों को फोन कर दिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक कार चलाना सीख रहा था और इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर टकरा गई. हालांकि, युवकों का कहना है कि वे अपने रिश्तेदार के घर आए थे और वापस जाते समय अचानक स्टियरिंग घूम गई, जिससे दुर्घटना हो गई. फिलहाल, घटना की खबर पाकर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच कर रही है.

### पुलिस ने डकैती मामले में 5 को किया गिरफ्तार

**रानीगंज/ आसनसोल।** डकैती के मामलों में रानीगंज क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया गया है, जब पुलिस ने एक बड़ी डकैती गिरोह को गिरफ्तार किया. इस गिरोह में पांच अपराधी शामिल हैं, जिनमें रानीगंज के महाबीर कोलियरी फुटबॉल ग्राउंड से मोहम्मद फईम (32), उसी इलाके के मोहम्मद मोहसिम (28) और रानीगंज के ईदगाह महल्ले से कलीम साह (35) शामिल हैं. इनके साथ दो अन्य अपराधी भी हैं, जिनकी पहचान अभी तक सामने नहीं आई है. 17 जून को रानीगंज में हुई एक डकैती की घटना के बाद पुलिस ने इन अपराधियों के पीछे पड़ा और उन्हें राजार बांध इमामबाड़ा के पास जंगल से गिरफ्तार किया. पुलिस ने इस समय तक यह सूचना प्राप्त की थी कि इन अपराधियों ने डकैती के उद्देश्य से इकट्ठा होने की योजना बनाई थी. तुरंत कार्रवाई में सफल रहकर पुलिस ने सोमवार को दिन निकलने से पहले इन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने डकैती की योजना बनाने और संगठित करने के आरोप में शिकायत दर्ज की है.

# दुर्गापुर महकमा अस्पताल में ट्रॉमा केयर सेंटर का उद्घाटन

## अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही : कबी दत्ता

**खास बातें**

- प्रदीप मजूमदार ने किया ट्रॉमा केयर सेंटर का उद्घाटन



**संवाददाता । दुर्गापुर**

**दुर्गापुर।** दुर्गापुर महकमा अस्पताल में ट्रॉमा केयर सेंटर खोला गया है. इस अत्याधुनिक ट्रॉमा केयर सेंटर को बनाने में 68 लाख रुपये खर्च हुए हैं. अब से, जो सेवा दुर्गापुर के विभिन्न निजी अस्पतालों में उपलब्ध थी, वह अब दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भी उपलब्ध होगी. राज्य के पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने रविवार को एक समारोह में इस ट्रॉमा केयर सेंटर का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा दुर्गापुर बर्दवान के सांसद कीर्ति आजाद, आसनसोल दुर्गापुर विकास परिषद या अड्डा और दुर्गापुर जिला अस्पताल रोगी कल्याण संघ के अध्यक्ष कबी दत्ता और सुपर डॉ. धीमान मंडल उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल सभी का है. उस अस्पताल में विकास कार्य चल रहा है. इस अस्पताल से लोगों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ मिल सकें, इसकी व्यवस्था की जा रही है. मंत्री का दावा है कि यह ट्रॉमा सेंटर सभी के लिए उपयोगी होगा. रोगी कल्याण संघ के अध्यक्ष कबी दत्ता ने कहा कि इस अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं. अस्पताल अधीक्षक धीमान मंडल ने कहा, पहले यहां इलाज होता था. लेकिन अब इस ट्रॉमा केयर सेंटर को एक अलग कमरे में शिफ्ट कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि अब सभी सेवाएं इसी अनुमंडल अस्पताल से मिलेंगी.

## 38वें निहार रंजन दत्ता - शिवदास टैगोर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

# हीरापुर की टीम ने जीता फाइनल

**खास बातें**

- फाइनल में शांतिनगर विद्यामंदिर को 5-4 से हराया



**संवाददाता । बर्नपुर**

बर्नपुर यूनाइटेड क्लब द्वारा आयोजित 38वें स्वर्गीय निहार रंजन दत्त और स्वर्गीय शिवदास टैगोर स्मृति अंतर्विद्यालय नॉक-आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच शनिवार को बार्नपुर स्टेडियम में संपन्न हुआ. क्लब के फुटबॉल सचिव सुब्रत पाल ने बताया कि यह टूर्नामेंट 5 जुलाई 2024 से शुरू हुआ था. जिसमें 8 स्कूलों की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया था. फाइनल मुकाबले में शांतिनगर विद्यामंदिर (एच.एस.) और हीरापुर मानिक चंद ठाकुर संस्थान आमने-सामने थे. इस अवसर पर बर्नपुर सेल इस्को स्टील फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक (एमएम) और क्लब के अध्यक्ष अभिक डे, कार्यवाहक प्रबंध निदेशक (एचआर) उमेंद्र पाल सिंह और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे. सभी ने क्लब के प्रयासों की सराहना की और आयोजन के लिए बधाई दी. फाइनल मैच की शुरुआत क्लब के अध्यक्ष अभिक डे ने की. निर्धारित समय में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया, जिससे मैच टाई-ब्रेकर में चला गया. अंततः हीरापुर की टीम ने शांतिनगर विद्यामंदिर को 5-4 से हराया. अभिक डे ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया. उपविजेता टीम को भी सम्मानित किया गया. सभी खिलाड़ियों और पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न और उपहार दिए गए.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की दर्दनाक मौत

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के रतन सराय रेलवे स्टेशन समीप पूर्वी गुमटी पर ट्रेन से कटकर एक अधेड़ की मौत हो गई. अधेड़ की पहचान नहीं हो सकी है. घटना की सूचना मिलने के बाद बरौली थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया है और उसकी शिनाख्त में जुट गई है. घटना की सूचना मिलते ही बरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया.

### स्कार्पियो और डंपर में भिड़ंत, पांच की मौत

**किशनगंज।** बिहार में रफ्तार के कहर ने एक बार फिर से कई लोगों की जान ले ली है. किशनगंज के पौआखाली के पास रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में 5 लोगों की मौत की बातें कही जा रही है जबकि कई लोग जख्मी बताए जा रहे हैं. यह दुर्घटना पेटभरी के पास एनएच 327ई पर स्कोर्पियो और डम्पर में भिड़ंत से हुआ है. शुरुआती जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले लोग जोकीहाट थाना के थपकोल के रहने वाले थे. घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए और विरोध करने लगे. थोड़ी देर के लिए सड़क भी जाम हो गया.

### कार ने खेत घूमने आये किसान को रौंदा

**बांका।** बांका के धोरैया में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े एक दिव्यांग किसान की धक्का मार दिया और तेज रफ्तार से भागने लगा. वही टक्कर मारकर कार को भागते देख बीच बचाव करने कार के सामने आए एक छात्र को भी कार कुचलते हुए तेज रफ्तार से फरार हो गया. इस भीषण हादसे में दोनों युवक की मौत हो गई. वहीं दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया, जिसे देखकर आक्रोशित हुए मृतक के परिजनों ने घटनास्थल के पास बांस-बल्ला लगाकर और दोनों शव को बीच सड़क पर रखकर घोघा पंजवारा स्टेट हाईवे को जाम कर दिया.

### रेलवे की ओर से की जा रही विशेष पहल

# सूबे के कई शहरों में खुलेगा रेल रेस्तरां

**संवाददाता। पटना**



भारतीय रेलवे ने अनोखी पहल शुरू की है. रेलवे ने अब ट्रेन के पुराने कोच को रेस्तरां में बदलने का निर्णय लिया है. इस रेस्तरां में आप जिस भी क्षेत्र में रहेंगे उस क्षेत्र के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे. माना जा रहा है कि रेलवे की ओर से यह एक अच्छी पहल है, जिससे स्थानीय खान पान को व्यापक प्रचार मिलेगा. दरअसल, अब ट्रेन के पुराने कोच में बने रेस्तरां में लोग खाना खा सकेंगे. इन रेस्तरां के इंटीरियर को देख कर आपको लगेगा कि सबसे लग्जरी ट्रेन में बैठे हैं और लजीज व्यंजनों का लुत्फ ले रहे हैं.

यह रेस्तरां बाहर से रेल कोच जैसा दिखेगा, लेकिन अंदर से इसका लुक बिल्कुल रॉयल होगा. इसमें लोकल व्यंजनों के साथ-साथ संबंधित इलाके की खास मिठाइयां भी मिलेंगी. दानापुर रेलमंडल ने दानापुर, राजेंद्रनगर, पाटलिपुत्र, आरा और बक्सर स्टेशन पर कोच रेस्तरां खोलने के लिए जगह का सर्वे शुरू कर दिया गया है. आरा और दानापुर स्टेशन पर सर्वे का काम पूरा हो गया है. अन्य स्टेशनों पर भी अगस्त में सर्वे पूरा हो जाएगा.

**रेल रेस्तरां के लिए अक्टूबर में टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी :** इसके बाद अक्टूबर में टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी. सबसे पहले झाझा स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां चालू किया गया है. इसी की तर्ज पर इन पांच स्टेशनों पर खोला जाएगा. रेलवे द्वारा बिहार के करीब 10 स्टेशन परिसर में रेल कोच रेस्तरां खोलने की तैयारी है. इस खास ट्रेन रेस्टूरेंट में 100 तरह के लोकल व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाएगी. मेन्यू में स्थानीय भोजन और मिठाइयों को शामिल किया जाएगा. जैसे अगर रेस्टोरेंट आरा में है तो लिट्टी-चोखा और उदवंत नगर का खुरमा, बिहटा में सोन की मछली और मनेर का लड्डू, झाझा में मटन-चावल समेत अलग-अलग व्यंजन होंगे.

इन रेस्तरां में वेज, नॉन वेज और कॉन्टिनेंटल भोजन परोसा जाएगा. यह यात्रियों की सुविधा के लिए 24 घंटे खुला रहेगा. मालूम हो कि, प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लोग अब विश्व स्तरीय सुविधाओं का आनंद लेने के अलावा बढ़िया भोजन का मजा भी उठा सकते हैं. भारतीय रेलवे ने अपने पुराने और बेकार ट्रेन डिब्बों को रेस्तरां और होटल व्यवसायियों को पट्टे पर देने की योजना बनाई है, जिसके बाद इनका कायाकल्प हो रहा है.

**खास बातें**

- दानापुर, राजेंद्रनगर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर स्टेशन में सर्वे
- हर शहर के लजीज पकवान का उठा सकेंगे लुत्फ

# प्रेमी ने दोस्तों संग मिलकर प्रेमिका से किया गैंगरेप

**संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित हवाईअड्डा में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है. घटना 11 जुलाई की देर रात की बताई जा रही है, जहां युवती के प्रेमी ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस शर्मनाक वारदात को अंजाम दिया है. पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए 13 जुलाई की देर रात लोकनायक जयप्रकाश सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने पीड़िता की मेडिकल जांच की. घटना के बाबत बताया जा रहा है कि पीड़ित युवती अपने बॉयफ्रेंड से मिलने के लिए भागलपुर पहुंची थी, जहां तिलकामांझी के हवाईअड्डा समीप युवती ने बॉयफ्रेंड से मुलाकात की. आरोपी प्रेमी ने प्रेमिका के आने के पूर्व अपने दोस्तों के साथ दुष्कर्म की साजिश रच ली थी, जिसके बाद देर शाम होने पर प्रेमिका ने वापस घर जाने का समय होने की बात कही तो प्रेमी और उसके तीन अन्य दोस्तों ने मिलकर सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी पुलिस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मीडिया के सामने पुलिस कुछ भी कहने और गिरफ्तारी की पुष्टि करने से कतरा रही है. वहीं घटना में गैंगरेप की घटना में शामिल अन्य तीन आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है.

### विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की करारी हार पर राजद का तंज

# भाजपा की हार को पीएम मोदी मानने को तैयार नहीं : मनोज झा

**संवाददाता। पटना**

विधानसभा उपचुनाव में 13 में सिर्फ 2 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की हुई जीत पर राजद ने रविवार को पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला. राजद नेता मनोज झा ने कहा है कि लोकसभा चुनावों के बाद अब विधानसभा उपचुनाव के परिणाम भी भाजपा के पक्ष में नहीं रहे हैं. लेकिन पीएम मोदी का दिल यह मानने को तैयार नहीं है. एक दिन पहले आए विधानसभा उपचुनाव के नतीजों में भाजपा कई राज्यों में अपनी जीती हुई सीटें भी हार गई. वहीं बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू के उम्मीदवार भी निर्दलीय प्रत्याशी से हार गए. अब इसी को लेकर मनोज झा ने भाजपा पर देश को भरोसा नहीं होने की बात कह तंज कसा है.

विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा कि जिन दो सीटों पर बीजेपी जीती है, उनमें से एक पर भाजपा उम्मीदवार की जीत का अंतर 1000 वोटों का रहा और दूसरी पर भी लगभग इतना ही अंतर है. और मध्य प्रदेश में भाजपा के टिकट पर जो व्यक्ति चुनाव जीता है, वह हाल तक कांग्रेस में था. उन्होंने कहा कि भाजपा की हार की ये बात लोकसभा में भी साफ थी लेकिन पीएम मोदी का दिल मानने को तैयार नहीं है. मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि अब से शासन समावेशी हो और जनहित के मुद्दों पर बात हो. सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, वो (बीजेपी) उस पर कभी बात नहीं करते.



वहीं विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी भाजपा को निशाने पर लिया है. तिवारी ने कहा कि देश भर में हुए 13 विधानसभा उपचुनावों में से बीजेपी 11 हार गई. मध्य प्रदेश में वो बहुत पुनर्मतगणना की मांग को खारिज कर दिया. इससे पता चलता है कि लोगों ने अपना मन बना लिया है। लोगों ने बीजेपी और पीएम के झूठे वादों को खारिज कर दिया है. दरअसल, लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अबकी पार 400 पार का नारा दिया था. लेकिन प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के दावों को देश की जनता ने बड़ा झटका दिया और गई. अब विधानसभा उपचुनावों में भी भाजपा को जिन जगहों पर हार हुई है उसमें पश्चिम बंगाल में जीती हुई सीट हार गई. इसी तरह हिंदू धर्मावलम्बियों की आस्था के प्रमुख केंद्र बद्रीनाथ में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा. जिन दो सीटों पर भाजपा जीती है वहां भी जीत का अंतर महज 2000 वोटों के आसपास रहा.

**सीएम नीतीश देश के लिए रोल मॉडल : डॉ. मधुरेंदु**

पटना। जदयू नेता डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि जनसेवा के व्रत को लंबे समय में जिन्होंने जन विश्वास के बल पर पल्लवित पुष्पित किया हो और जिन्हें आडंबर ने खुद से दूर रखा हो,जो खुद सुशासन का समर्पित योद्धा हो तथा सदा बिहारी विकास का पर्याय हो. ऐसे समर्पित राजनीतिक महारथी को सूबे की जनता सर आंखों पर बैठाती है. बतौर केंद्रीय मंत्री जबतक उन्होंने देश सेवा की, मील का पत्थर साबित किया। सादगी,समर्पण, बिहार में समझौता नहीं करना जिनकी फितरत रही. उन्हें जनता ने उस समय हाथ में कमान दिया. जब बिहार जाति,वर्ग, संप्रदाय तथा उन्माद में कराह रहा था, तब नीतीश कुमार ने खुद के द्वारा विकसित कार्यशैली से एकाएक जन विकास का नया अध्याय शुरू किया. डॉ मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि विश्वास जब सार्थक हो तो काम काज तेजी से होता है. बीते वर्षो से लेकर अब तक बेहतर परिवर्तन और विकास की बातों ने बिहार को नयी दिशा दिया है. शासन की बागडोर पर कोई आंच नही आने दिया.

# नौ अवैध एंबुलेंस जब्त, कई खामियां उजागर

- नवादा सदर अस्पताल में छापेमारी से मचा हड़कंप

**संवाददाता। नवादा**



सदर अस्पताल में शनिवार की रात जिला प्रशासन के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बगैर सूचना दिए अस्पताल में छापा मारा, जिसके बाद पूरे अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. सबसे ज्यादा निजी एंबुलेंस व दलालों में हड़कंप मच गया. नवादा सदर एसडीएम अखिलेश कुमार, डीटीओ सहित तीन सीनियर डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त की टीम ने सदर अस्पताल में देर रात छापा मारा, जहां निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल परिसर में कुल नौ अवैध रूप से निजी एंबुलेंस को जब्त किया गया. कार्रवाई के दौरान सभी एंबुलेंस के ड्राइवर मौके से फरार होने में सफल रहे. जिला प्रशासन ने सभी एंबुलेंस के टायर का हवा निकाल दी और डीटीओ को सभी एंबुलेंस को जब्त करने का आदेश दिया. साथ ही साथ उन सभी एंबुलेंस मालिक पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया. संयुक्त टीम ने अस्पताल के सभी हिस्सों का निरीक्षण किया, जहां मौके पर खामियां पायी गयीं. जांच के दौरान अस्पताल की सुरक्षा में लगे कई गार्ड अनुपस्थित पाए गए.

## ससुराल में नवविवाहिता की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

**संवाददाता। समस्तीपुर**

जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में एक नव विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही मायके वालों ने नव विवाहिता की ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया. उन्होंने उसकी मौत को हत्या बताया. मायके वालों ने मौके पर तोड़फोड़ की. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मुसरीघरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करने के बाद शव को परिजन के हवाले कर दिया है. घटना के संबंध में मृतक के पिता ने बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के लात बेस पुर निवासी अभिषेक कुमार उर्फ चंदन की शादी तीन माह पूर्व चकमेहसी थाना क्षेत्र निवासी रंजीत दास की पुत्री आरती कुमारी के साथ हिंदी रीति रिवाज के अनुसार हुई थी. फिलहाल घटना के बाद ससुराल के सभी लोग फरार हैं. हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदु पर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है.

### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**गोपालगंज।** जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोईनी बाजार में एक मकान निर्माण में लगा एक मजदूर हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई. वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना के संदर्भ में बताया जाता है की मृतक मुन्ना महतो रोज की तरह मजदूरी करने कोईनी बाजार स्थित खलील देवान के यहां गया था, जहां खलील देवान के मार्केट का निर्माण हो रहा था. वह सिर पर निर्माण सामग्री लेकर छज्जा पर जा रहा था. तभी ऊपर से गुजर रहे तार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया.

## कारोबार

### गेल के पूर्व चेयरमैन और एमडी का निधन

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सीआर प्रसाद का निधन हो गया है. वे 83 वर्ष के थे. गेल ने 'लिंक्डइन' पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया. इसमें कहा गया है, डॉ. सीआर प्रसाद 1994 में निदेशक (योजना) के रूप में गेल में शामिल हुए और 1996 में सीएमडी बने थे. वे 2001 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे.

### मर्सिडीज बेंज की भारत के लिए नई योजना

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज न केवल लागत लाभ हासिल करने बल्कि शून्य उत्सर्जन वाले परिवहन और कार्बन निरपेक्षता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है. कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है.

### मैक्रोटेक ने मुंबई, पुणे में जमीन के टुकड़े खरीदे

नयी दिल्ली। घरों की मजबूत मांग को देखते हुए रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मुंबई क्षेत्र और पुणे में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री क्षमता वाली परियोजनाओं को विकसित करने के लिए तीन जमीन के टुकड़े (भूखंड) का अधिग्रहण किया है. लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स दो तरीकों- प्रत्यक्ष खरीद और भूस्वामियों के साथ साझेदारी से भूमि अधिग्रहण कर रही है. मैक्रोटेक डेवलपर्स ने कहा, हमने एमएमआर (मुंबई महानगर क्षेत्र) और पुणे में तीन परियोजनाएं जोड़ी हैं, जिनका जीडीवी 11,100 करोड़ रुपये है.

### बजट सत्र 2024 : सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य पर अग्रसर

# इस बार पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

**भाषा। नयी दिल्ली**



सरकार '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है. सूत्रों ने बताया कि संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं. इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है. बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है. समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी. बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं.

इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है. ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है. सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है. उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा.

सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, पॉलिसीधारकों को मिलने वाले प्रतिफल में सुधार करने, अधिक प्रतिभागियों के प्रवेश को सुगम बनाने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, बीमा उद्योग की परिचालन और वित्तीय दक्षता बढ़ाने और कारोबारी सुगमता पर केंद्रित हैं. वित्त मंत्रालय ने दिसंबर, 2022 में बीमा अधिनियम, 1938 और बीमा विनियामक विकास अधिनियम, 1999 में प्रस्तावित संशोधनों पर टिप्पणियां आमंत्रित की थीं.

**खास बातें**

- बीमा अधिनियम 1938 में संशोधन हो सकता है
- संशोधन में पॉलिसीधारकों के हितों का ख्याल रहेगा

## आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर पांच लाख हो : एआईएफटीपी

- अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए. उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया.

जैन ने वित्त मंत्री को दिये अपने ज्ञापन में कहा, पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाये.

**जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष**

नारायण जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं. उन्होंने अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें जारी रखना उचित नहीं है. इस पर ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि सरकार पर्याप्त रूप से यह नहीं बताती है कि शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है. उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सरकार का मौलिक कर्तव्य है. ज्ञापन में अस्पष्ट नकद क्रेडिट, ऋण, निवेश और व्यय पर धारा 115बीबीई के तहत कर की दर का भी उल्लेख किया गया है, जिसे नोटबंदी के दौरान बढ़ाकर 75 प्रतिशत और उपकर कर दिया गया था. जैन ने इस दर को मूल 30 प्रतिशत पर वापस लाने की वकालत की है.

## आईओ : ईंधन स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू

**भाषा। नयी दिल्ली**



भारत की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है. कंपनी ने बयान में कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है. यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने शनिवार को एक कार्यक्रम में स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया. देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी की ईंधन बाजार में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है. आईओसी एफ1 रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय कंपनी और वैश्विक स्तर पर चुनिंदा कंपनियों में एक बन गई है.

## पीसी ज्वेलर वॉरंट से 2,705 करोड़ जुटाएगी

**भाषा। नयी दिल्ली**



पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने प्रवर्तकों और निवेशकों को तरजीही आधार पर वॉरंट जारी करके 2,705 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि जुटाई गई राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंक कर्ज को चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. पीसी ज्वेलर के वॉरंट लेकर प्रवर्तक कंपनी में लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे. कंपनी ने बताया कि उसके बोर्ड ने तरजीही आधार पर पूरी तरह से परिवर्तनीय वॉरंट के जरिये 2,705.14 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. पीसी ज्वेलर के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस धनराशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंक कर्ज को चुकाने के लिए किया जाएगा. लगभग 75 प्रतिशत कोष का इस्तेमाल बैंक कर्ज को चुकाने और शेष 25 प्रतिशत कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा.

**गुड न्यूज** | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने पहली तिमाही का आंकड़ा दिया

# भारत का निर्यात सकारात्मक : पीयूष गोयल

**भाषा। नयी दिल्ली**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मई में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई है और जून तथा पहली तिमाही में यह सकारात्मक रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि सेवा क्षेत्र की वृद्धि की वजह से देश के निर्यात को सकारात्मक दायरे में रखने में मदद मिल रही है. गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, मई में निर्यात सकारात्मक रहा है, जून का और पहली तिमाही का आंकड़ा भी सकारात्मक दायरे में है. मई में भारत का वस्तुओं का निर्यात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 5.1 प्रतिशत बढ़कर 73.12 अरब डॉलर रहा है. वाणिज्य मंत्रालय आधिकारिक रूप से जून के निर्यात के आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा.

मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन और इज़राइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के मुद्दों के बावजूद हमारा निर्यात सकारात्मक दायरे में है. हमारे साथ एक और लाभ की स्थिति सेवा निर्यात की तेज वृद्धि है. सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन से सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिला है. गोयल ने कहा, देश में 4जी और 5जी की पेशकश से भी सेवा निर्यात में मदद मिल रही है. पिछले महीने गोयल ने कहा था कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का माल और सेवा निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है. वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था.

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि एक बार जब अंतरराष्ट्रीय मंदी की स्थिति में सुधार होने लगेगा और अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें कम होने लगेंगी, तो विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि कैसी भी स्थिति है, पर भारत को लगातार एफडीआई मिल रहा है.

### भारत, द. कोरिया एफटीए समीक्षा वार्ता 17 से सियोल में

**नयी दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का अद्यतन करने के लिए बातचीत आगे बढ़ने के साथ दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी बुधवार से सियोल में अगले दौर की वार्ता करेंगे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. इसे व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है, जनवरी, 2010 में लागू हुआ था. अब तक समीक्षा वार्ता के 10 दौर संपन्न हो चुके हैं. अधिकारी ने बताया कि भारतीय दल अगले दौर की समीक्षा बैठकों के लिए 17-19 जुलाई तक सियोल की यात्रा पर जाएगा. उन्होंने कहा, दोनों पक्ष समझौते को अंतिम रूप देने के लिए 11वें दौर में व्यापक रूपरेखा पर चर्चा करेंगे. दक्षिण कोरिया इस वर्ष वार्ता पूरी करने का इच्छुक है.

## शाओमी इंडिया का मुनाफा 77% घटकर 239 करोड़ रुपये

**भाषा। नयी दिल्ली**



चीन की स्मार्ट उपकरण विनिर्माता शाओमी टेक्नोलॉजी का भारत में मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना आधार पर 77 प्रतिशत घटकर 238.63 करोड़ रुपये रह गया है. कंपनी ने 2021-22 में 1,057.7 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था. शाओमी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 32 प्रतिशत घटकर 26,697 करोड़ रुपये रह गई, जो 2021-22 में लगभग 39,100 करोड़ रुपये थी. शाओमी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्पादों की बिक्री से 26,395 करोड़ रुपये और सेवाओं की बिक्री से 264 करोड़ रुपये कमाए, जिनमें विज्ञापन और मूल्यवर्धित सेवाएं शामिल हैं.

बाजार शोध कंपनी आईडीसी के अनुसार, कंपनी ने 2022 के दौरान स्मार्टफोन बिक्री में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिसमें वित्त वर्ष 2022-23 की तीन तिमाहियां भी शामिल हैं, जबकि यह अब भी 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अग्रणी है. साइबरमीडिया रिसर्च का अनुमान है कि यह सैमसंग (18.6 प्रतिशत) से थोड़ा पीछे है. काउंटरपॉइंट रिसर्च ने इसे 18.8 प्रतिशत बताया है.

